राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित





डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 थोक महंगाई 15 महीनों के ऊपरी स्तर पर | सम्पादकीय भारत में कानून के बाद भी नहीं बदले | पेन्ना सीमेंट को खरीद रही अंबुजा, 5

वर्ष 11 अंक 23 E-mail: dholpur@hotmail.com फरीदाबाद, शनिवार 15 जून 2024 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

## जी7 शिखर सम्मेलन :

# प्रधानमंत्री मोदी ने इटली में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से की मुलाकात







आर.एन.एस.

**मिलान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को इटली में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन से इतर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। रिपोर्टों के अनुसार, दोनों नेताओं ने रक्षा, परमाणु और अंतरिक्ष के क्षेत्रों सहित रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की और प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट किया, रणनीतिक साझेदारी को नए स्तर पर ले जाना! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली के अपुलिया में 50वें जी7 शिखर सम्मेलन से इतर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। उन्होंने लिखा, दोनों नेताओं ने रक्षा, परमाणु, अंतरिक्ष, शिक्षा, जलवायु कार्रवाई, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, संपर्क और संस्कृति के क्षेत्रों में साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। मैक्रों के अलावा, पीएम मोदी ने अपने ब्रिटिश समकक्ष ऋषि सुनक के साथ भी बैठक की, और माना जाता है कि उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों और साझा हितों के मुद्दों पर चर्चा की।

सुनक और मोदी की पिछली मुलाकात पिछले साल सितंबर में नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में हुई थी, जब उन्होंने भारत के आम चुनाव से पहले हस्ताक्षर करने की उम्मीद के साथ एफटीए वार्ता में तेजी लाने पर सहमति जताई थी। हालांकि, अब व्यापार वार्ता 4 जुलाई को ब्रिटेन की नई सरकार के चुने जाने के बाद ही फिर से शुरू होने की उम्मीद है।

## केजरीवाल ने कोर्ट में की पत्नी के सामने मेडिकल कराने की मांग

नई दिल्ली। शराब नीति केस में तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल ने मेडिकल टेस्ट को लेकर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में याचिका लगाई है। दिल्ली ष्टरूकी मांग है कि मेडिकल टेस्ट के दौरान पत्नी सुनीता वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़ी रहें। इस मामले में शनिवार (15 जून) को सुनवाई होगी। 5 जून को राउज एवेन्यू कोर्ट ने जेल अधिकारियों को निर्देश दिया था कि केजरीवाल के जरूरी मेडिकल टेस्ट कराए जाएं। साथ ही केजरीवाल की मेडिकल ग्राउंड पर 7 दिन की जमानत की मांग वाली अंतरिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था और ज्यूडिशियल कस्टडी 19 जून तक बढ़ा दी थी। केजरीवाल को 21 मार्च को अरेस्ट किया गया था।

# केन्द्रीय मंत्री सिंधिया व मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज ग्वालियर आएंगे

**- करोड़ों के विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन व लोकार्पण**

**- नवनिर्मित क्रिकेट स्टेडियम के उदघाटन कार्यक्रम में भी होंगे शामिल**

ग्वालियर। केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आज शनिवार 15 जून को ग्वालियर आएंगे। ग्वालियर प्रवास के दौरान केन्द्रीय मंत्री सिंधिया व मुख्यमंत्री डॉ. यादव ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के तहत शहर के ऐतिहासिक सागरताल के सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार कार्य में जनप्रतिनिधियों के साथ श्रमदान कर जिलेवासियों को जल संरचनायें सहेजने के लिये प्रेरित करेंगे। साथ ही यहाँ पर जनसभा को संबोधित करेंगे और शहर में 45 करोड़ 68 लाख रूपए की लागत से मूर्तरूप लेने जा रहे अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर सहित लगभग 179 करोड़ रूपए लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव शंकरपुर के समीप नवनिर्मित क्रिकेट स्टेडियम के उदघाटन व नामकरण एवं स्टेडियम में आईपीएल की तर्ज पर आयोजित होने जा रही एमपीएल-2024 मध्यप्रदेश लीग सिंधिया कप के शुभारंभ कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।





निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 15 जून को अपरान्ह लगभग 4.30 बजे राजकीय विमान से राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचेंगे। यहाँ से सड़क मार्ग द्वारा रवाना होकर सागरताल पहुँचकर जनप्रतिनिधियों के साथ श्रमदान करेंगे। साथ ही विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। **शेष** इन कार्यक्रमों में केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया भी मौजूद रहेंगे। यहां के बाद सागरताल के समीप स्थित रेन वाटर हार्वेस्टिंग के एक मॉडल का अवलोकन भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया व मुख्यमंत्री डॉ. यादव इसके बाद शंकरपुर के समीप स्थित नवनिर्मित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के उदघाटन व नामकरण एवं स्टेडियम में आईपीएल की तर्ज पर आयोजित होने जा रही एमपीएल-2024 मध्यप्रदेश लीग सिंधिया कप के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने पहुँचेंगे। ज्ञात हो एमपीसीए द्वारा लगभग 210 करोड़ रूपए की लागत से शंकरपुर के समीप अंतराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट

**शेष पृष्ठ 5 पर...**



नईदिल्ली। केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गत दिवस महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया के आगमन पर होगा भव्य स्वागतः रमेश अग्रवाल

ग्वालियर। देश की मोदी सरकार में केन्द्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री बने ज्योतिरादित्य सिंधिया का प्रथम नगरागमन शनिवार 15 जून को होगा। सिंधिया के मंत्री बनने के बाद प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ता व समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत कर अगवानी की जायेगी।

पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की सबसे पहले विमानतल पर भव्य अगवानी की जायेगी। विमानतजल से श्री सिंधिया महाराज बाड़ा पहुंचकर देवघर में पूजा अर्चना करेंगे। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री का काफिला प्रमुख मार्गो से गुजरेगा। ऊंट पुल, पाटनकर बाजार पर पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल मित्र मंडल द्वारा फूलों की बरसात कर भव्य स्वागत किया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के स्वागत की अपील करने वालों में विजय गोयल, गुड्डू वारसी, रामनारायण मिश्रा, आनंद सावंत, उमा शंकर सोनी, नरेश देव, राजू फ्रांसिस, विशाल जैन, रुचिका श्रीवास्तव, प्रियंका गर्ग, धर्मेंद्र शर्मा, राजकुमार गुप्ता, संजय शांडिल्य, राजेन्द्र उपाध्याय आदि शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन में लगभग 599 करोड़ की लागत के कान्ह-क्लोज डक्ट परियोजना का भूमि पूजन करेंगे

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 जून को उज्जैन में 598.66 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली कान्ह डायवर्सन क्लोज डक्ट परियोजना का भूमिपूजन करेंगे। उल्लेखनीय है कि इंदौर तथा सांवेर के सीवेज युक्त जल को कान्ह नदी के माध्यम से क्षिप्रा नदी में मिलने से रोकने के लिए जमालपुरा ग्राम के समीप कान्ह नदी पर बैराज का निर्माण किया जायेगा। सीवेज युक्त जल क्लोज डक्ट के माध्यम से जल को गंभीर नदी में गंभीर बांध के डाउन स्ट्रीम में डायवर्ट किया जायेगा। आगामी सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए प्रावधानों के अनुसार जल प्रवाह 40 क्यूसेक जल बहाव क्षमता के रूपांकन कार्य किया गया है।

# सिक्किम में भूस्खलन से 6 की मौत 2000 से ज्यादा पर्यटक फंसे

आर.एन.एस.



**गंगटोक।** देश के उत्तरी राज्यों में हीटवेव और तेज गर्मी का दौर लगातार जारी है। दूसरी ओर नॉर्थ-ईस्ट में भारी बारिश देखने को मिल रही है। पिछले तीन दिन से जारी बारिश के चलते सिक्किम में अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। जगह-जगह लैंडस्लाइड और बाढ़ में सैकड़ों घर और कई सड़कें बह गईं।

सबसे ज्यादा तबाही सिक्किम के मंगन जिले में हुई है। यहां गुरुवार (13 जून) को एक दिन में 220 मिमी से ज्यादा बारिश हुई। इससे पिछले साल बना संगकालांग ब्रिज ढह गया, जिससे गुरुडोंगमार झील और युनथांग घाटी जैसे पर्यटन स्थलों के लिए मशहूर मंगन जिले के जोंगु, चुंगथांग, लाचेन और लाचुंग जैसे शहर देश के बाकी हिस्सों से कट गए हैं। राहत-बचाव में जुटे डिजास्टर मैनेजमेंट के अधिकारियों ने बताया कि लाचुंग और चुंगथांग में करीब 2 हजार पर्यटक फंसे हैं। इन्हें अब हेलिकॉप्टर से ही रेस्क्यू किया जा सकता है, लेकिन खराब मौसम में हेलिकॉप्टर का उड़ पाना मुमकिन नहीं है। फिलहाल, पर्यटक जहां फंसे हैं, उन्हें वहीं रहने को कहा गया है।

सिक्किम में तीस्ता नदी भी उफान पर है, जिससे सिंगताम शहर के निचले इलाकों में रहने वाले लोग प्रभावित हो सकते हैं। पिछले साल उत्तरी सिक्किम में एक हिमनद झील के फटने से अचानक बाढ़ आई थी। इसमें 100 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।

# सम्पूर्ण विश्व को जिसने एकत्व का विचार दिया, वह भारत हैः स्वामी अवधेशानंद जी

## हरिसेवा आश्रम ट्रस्ट के महामण्डलेश्वर स्वामी श्री हरिचेतनानन्द महाराज जी के वार्षिक उत्सव के अन्तर्गत आयोजित 'संत सम्मेलन' में स्वामी जी ने की सहभागिता







**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**हरिद्वार।** देवभूमि उत्तराखण्ड स्थित हरिपुर, हरिद्वार में श्रीमत् परमहंस, परिव्राजकाचार्य, श्रोत्रिय, ब्रह्मनिष्ठ, जूनापीठाधीश्वर, आचार्य महामण्डलेश्वर, अनंत श्री विभूषित स्वामी अवधेशानंद गिरिजी महाराज, हरिसेवा आश्रम ट्रस्ट के महामण्डलेश्वर स्वामी श्री हरिचेतनानन्द महाराज जी के वार्षिक उत्सव के अन्तर्गत 'संत सम्मेलन' में पधारे।



स्वामी श्री अवधेशानंद जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सर्वत्र एक ही ब्रह्म विस्तृत है। नाना रूपों में, उस एक ही ब्रह्म का विस्तार है। विश्व में भारतवर्ष से एक अद्भुत विचार गया है। सम्पूर्ण विश्व को जिसने एकत्व का विचार दिया, वह भारत है। जहाँ विभिन्नताएँ हैं, विविधता है, अनेकरूपता है। जो कभी नहीं बदलता, जो सनातन है, शाश्वत है, समीचीन है, प्रत्येक संदर्भ में नूतन है। जो अक्षुण्ण है, अव्यक्त है और अविनाशी है, उस सर्वशक्तिमान सर्वव्यापक ब्रह्म का बोध भारत ने कराया है। सन्त उसी ज्ञान परम्परा के संवाहक हैं। महामण्डलेश्वर स्वामी श्री हरिचेतनानन्द जी महाराज भारतीय सनातन संस्कृति परम्परा के रक्षण, पोषण व संवर्धन के दिव्य कार्य के लिए समर्पित हैं।

इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज, जगदगुरु रामानन्दाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज, निरंजनी पीठाधीश्वर आचार्यमहामण्डलेश्वर पूज्यपाद स्वामी श्री कैलाशानन्द गिरि जी महाराज, आनन्द पीठाधीश्वर आचार्यमहामण्डलेश्वर पूज्यपाद स्वामी श्री बालकानन्द गिरि जी महाराज, आचार्य बालकृष्ण जी, युगपुरुष स्वामी श्री परमानन्द जी महाराज, परमार्थ निकेतन के प्रमुख श्री चिदानन्द मुनि जी महाराज, जयराम आश्रम के प्रमुख पूज्य ब्रह्मचारी ब्रह्मस्वरूप जी महाराज, श्री गुरूमण्डल आश्रम के प्रमुख महामण्डलेश्वर पूज्यपाद स्वामी श्री भगवत स्वरूप जी महाराज, जूनाअखाड़ा के सचिव श्री महन्त महेश पुरी जी महाराज महामण्डलेश्वर पूज्य स्वामी श्री ललितानन्द जी महाराज, उत्तराखण्ड विधानसभा की अध्यक्षा श्रीमती ऋतु खंडूरी जी, उत्तराखण्ड सरकार के वित्त मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल जी, भारतमाता मंदिर - समन्वय सेवा ट्रस्ट के सचिव श्री आई. डी. शास्त्री सहित अनेक पूज्य सन्तगण तथा नगर के अनेक गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

# फतेहपुर सीकरी से राजकुमार चाहर के सांसद बनने पर आगरा के एमएलसी विधायक विजय शिवहरे ने दीं शुभकामनायें

**नईदिल्ली।** आगरा के वरिष्ठ भाजपा नेता व एमएलसी विधायक विजय शिवहरे ने गत दिवस राजकुमार चाहर को भाजपा सरकार में फ़तेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र से पुनः सांसद बनने पर उनके निवास पर जाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए पर विश्वास कर अपना बहुमत प्रदान किया है। सांसद राजकुमार चाहर केन्द्र सरकार के एक अंग के रूप में कार्य करेंगे। वे अपना कार्य बहुत अच्छी तरह से करें ऐसी मैं कामना करता हूँ। श्री शिवहरे ने कहा कि निश्चित रूप से यह सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में उल्लेखनीय कार्य करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में देश का सम्मान विदेशी मंच पर बढ़ाया है। भारत रक्षा के क्षेत्र में, आर्थिक क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने की दिशा में आगे बढ़ा है। देश की सीमाओं को सुरक्षित बनाने में प्रधानमंत्री मोदी का विशेष योगदान है। घाटी से धारा 370 हटाकर कश्मीर को मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य हमारी सरकार ने किया है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री मोदी का तीसरा कार्यकाल देश के लिए फायदेमंद साबित होगा।

## उत्तराखंड : अल्मोड़ा के जंगलों में आग से 4 वनकर्मियों की मौत

**अल्मोड़ा।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को केंद्र और उत्तराखंड सरकार से जंगल में आग की घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठाने और हिमालय को बचाने के लिए सभी के सहयोग से प्रभावी प्रयास करने का आग्रह किया। उनकी यह टिप्पणी उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में सिविल सोयम वन प्रभाग के अंतर्गत बिनसर वन्यजीव अभयारण्य में आग बुझाने के दौरान चार वनकर्मियों की मौत और चार अन्य के घायल होने के बाद आई है। एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में गांधी ने कहा, उत्तराखंड के अल्मोडा में जंगल की आग बुझाने गए चार कर्मचारियों की मौत और कई अन्य के घायल होने की खबर बेहद दुखद है। मैं सभी के लिए भगवान से प्रार्थना करती हूं। मुझे उम्मीद है, राज्य सरकार प्रभावित परिवारों को हर संभव स्तर पर मुआवजा और सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के जंगल पिछले कई महीनों से लगातार जल रहे हैं और सैकड़ों हेक्टेयर जंगल नष्ट हो गए हैं।

स्वामित्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए श्रीसिद्धीविनायक प्रिन्टर्स, 26 बी, प्रेस कॉम्पलेक्स जोन -1 एम.पी. नगर भोपाल मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 5-अपूर्वा एन्क्लेव, अयोध्या बाईपास, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। आर.एन.आई नं. MPHIN/2007/18768
संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे 94251-26060, संयुक्त संपादक- नीरज शिवहरे 9827359400, सहायक संपादक- संजय माकवे 9425375149, भोपाल कार्यालय- 5 अपूर्वा एन्क्लेव, अयोध्या बाईपास, भोपाल सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय होगा।

# 6वीं प्रशिक्षण वाहिनी जबलपुर में ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन

## डीआईजी श्री विद्यार्थी रहे मौजूद, कमाण्डटेंट सिद्धार्थ चौधरी ने किया अभिनंदन










**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**जबलपुर।** 6वीं प्रशिक्षण वाहिनी विसबल जबलपुर में 08 मई से संचालित ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन समारोह गत दिवस हुआ। कार्यक्रम का समापन डीआईजी जबलपुर टी.के. विधार्थी भा.पु.से. के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ, जिसमें वाहिनी के कमांडेंट सिद्धार्थ चौधरी भा.पु.से. द्वारा डिआईजी का पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डिप्टी कमांडेंट अभिषेक राजन, पंकज शर्मा, एडज्यूटेंट सुबोध लोखंडे, असिस्टेंट कमांडेंट एमपी सिंह, लामू सिंह श्याम, खुमान सिंह धुर्वे, सामग्री अध्यक्ष हितेश फुलझेले, इंस्पेक्टर विक्रम सिंह, विजय मेहरा, स्वरूप सिंह, सुबेदार मेजर उत्सव सिंह व वाहिनी के सभी अधिकारी/कर्मचारी बच्चों व परिवार के साथ उपास्थित रहें। समापन समारोह में उपस्थित बच्चों के उत्साह वर्धन हेतु उन्हें मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर आमंत्रित अतिथियों ने कहा कि ग्रीष्मकालीन शिविरों के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। इसके माध्यम से बच्चे अपनी ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का सदुपयोग भी करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन आगे भी होते रहना चाहिए। कार्यक्रम के लिए जो भी सहयोग आवश्यक होगा वह प्रदान किया जाएगा।




भोपाल। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने आज प्रदेश कार्यालय में पहुंचकर प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर बीजेपी के विजय होने पर प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी, प्रदेश अध्यक्ष व नवनिर्वाचित सांसद व्ही.डी शर्मा एवं पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा से सौजन्य भेंट कर बधाई दी।

# मध्यप्रदेश में 7 दिन 24 घंटे बाजार खुले रहेंगे

## सरकार के इस फ़ैसले का कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने किया स्वागत

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**ग्वालियर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जैन ने बताया कि मध्यप्रदेश में अब 24 घंटे सातों दिन बाजार खुले रहेंगे। प्रदेश के नगर निगम और औद्योगिक क्षेत्रों में यह सुविधा मिलेगी। श्रम विभाग के इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक सहमति मिल गई है। श्री जैन में बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा इस तरह का प्रस्ताव लाना व्यापारियों के हित में बहुत बड़ा कदम होगा। प्रदेश के नगर निगम और औद्योगिक क्षेत्रों में मॉल, रेस्टोरेंट, आईटी सेक्टर, मुख्य बाजार और बिजनेस सेंटर 24 घंटे खुले रहेंगे। इस प्रपोजल में तीन शिफ्ट में काम करने का जिक्र है। स्टाफ पर आठ-आठ घंटे का नियम लागू होगा। सप्ताह में 48 घंटे का काम लिया जा सकेगा।

कैट प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने बताया कि नगर निगम और औद्योगिक क्षेत्रों में मॉल, रेस्टोरेंट, आईटी सेक्टर, मुख्य बाजार, मॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और बिजनेस सेंटर 24 घंटे खुले रहेगें इससे मध्य प्रदेश का व्यापार अपनी नई ऊंचाई पर पहुंचेगा। प्रदेश में अभी सुबह से रात 10 बजे से लेकर 11 बजे तक ही दुकानें खुला रखने की व्यवस्था है। श्रम विभाग ने मॉल, रेस्टोरेंट, आईटी सेक्टर, इंडस्ट्रीज को चौबीस घंटे खोलने का प्रस्ताव के स्वागत किया यह फैसला अमल में लाया जाता है तो मध्य प्रदेश सातवां राज्य होगा। 24 घंटे खोले जाने के फ़ैसले से व्यापारी को अपने व्यवसाय में स्टाफ की दो गुना बढ़ेत्तरी करनी होगी। सरकार द्वारा 7 दिन 24 घंटे बाजार खुले रहने पर व्यापार में तो बढ़ोतरी होगी ही साथ ही साथ नए रोजगार भी मिलेंगे इससे सरकार को भी अत्यधिक जीएसटी टैक्स मिलने की संभावनाएं होंगी इस फैसले से मैन बाज़ार (खुदरा बाजार) अब ऑनलाइन कंपनियों से भी स्पर्धा करने में महत्वपूर्ण कदम होगा



इस फैसले से टूरिज्म एवं होटल इंडस्ट्रीज के व्यापार में ग्रोथ होने की भरपूर संभावनाएं रहेंगी।

श्री जैन ने सरकार के इस फ़ैसले की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे पहले महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और तेलंगाना में यह व्यवस्था है। पहले बताया जा रहा था कि पहले भोपाल-इंदौर जैसे बड़े शहरों में इसे पायलट प्रोजेक्ट की तरह लागू करने पर विचार किया जा रहा था, लेकिन अब इसे पूरे मध्य प्रदेश में एक साथ लागू करने की तैयारी की गई हैं जो की सरकार के एक अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि कई बार कई लोगो को समय के अभाव के कारण समय नहीं मिल पाता कि वह मार्केट में जाकर शॉपिंग कर सके देर तक बाजार खुले जाने पर वह अपनी सुविधा अनुसार देर रात में भी शॉपिंग कर सकेंगे। अब नहीं करना होगा छुट्टी का इंतजार जब चाहेगा जब मिलेगा समय तभी आदमी शॉपिंग करने घर से निकलेगा। उन्होंने सरकार के इस फ़ैसले की प्रशंसा करते हुए बताया कि ऐसा करते से बिजली की अत्यधिक खपत चालू हो जाएगी एवं प्रशासन पर रात में भी दिन की तरह पूरी सुरक्षा व्यवस्था को कायम रखना भी एक बड़ी चुनौती होगी।

# लाड़ली बहनों को अब मिलेगा पक्का मकान, इस दिन जारी होगी सवा लाख की पहली किस्त, जानिए इस योजना की पात्रता

**- मध्य प्रदेश की लाड़ली बहना योजना की चर्चा पूरे देश में है, अब बहनों के लिए एक और नई योजना लाई गई है, जिसमें बहनों को लाड़ली बहना आवास योजना के तहत पक्के घर दिए जाएंगे**

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लाड़ली बहना योजना (शुरू की थी। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने आर्थिक सहायता दी जा रही है। शिवराज ने इन बहनों के लिए आवास की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक नई योजना शुरू करने की घोषणा की थी। अब इस योजना के तहत बहनों को लाड़ली बहना आवास योजना के तहत पक्के घर दिए जाएंगे।

**बहनों को अब मिलेंगे पक्के घर**

लाड़ली बहना आवास योजना के तहत बहनों को पक्के घर दिए जाएंगे। पक्के घर बनवाने के लिए बहनों को 1 लाख 20 हजार की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस योजना का फायदा, उन्हीं पात्र महिलाओं को मिलेगा, जिनके पास रहने के लिए घर नहीं हैं। इस योजना के लिए वह महिलाएं पात्र हैं, जिनका नाम पीएम आवास योजना में किसी वजह से छूट गया है। बता दें कि, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना प्रदेश की मध्यम गरीब परिवार की बहनों के लिए है, जो कि पीएम आवास योजन के अंतर्गत चलाई जा रही है। इसमें पक्के मकान बनवाने के लिए बहनों के खाते में वित्तीय सहायता राशि दी जाएगी।

**किस्तों में दिया जाएगा पैसा**

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के तहत




बहनों को पैसा किस्तों में दिया जाएगा। इसकी पहली किस्त 25 हजार आएगी। माना जा रहा है कि इस योजना की शुरुआत जुलाई में की जा सकती है।

**ये महिलाएं इस योजना की पात्र**

ऐसे परिवार, जो आवास प्लस एप पोर्टल पर रजिस्टर्ड हैं।

भारत सरकार के एमआईएस पोर्टल पर जो परिवार ऑटोमेटिकली रिजेक्ट हुए हों।

ऐसे परिवार जो सरकार के पोर्टल पर रजिस्टर्ड होने से चूक गए हों।

2011 की आर्थिक और जातिगत जनगणना में और आवास प्लस सूची में शामिल नहीं हैं।

जिसके पास पक्की छत वाला मकान ना हों और कच्चा मकान दो से ज्यादा कमरे वाला ना हो।

मासिक आय 12000 से ज्यादा ना हो।

चौपहिया वाहन ना हो। परिवार में कोई शासकीय सेवा में या आयकर दाता ना हो।

सिंचित भूमि 2.5 एकड़ और असिंचित कृषि भूमि 5 एकड़ से ज्यादा ना हो।

**लिस्ट में ऐसे चेक करें नाम**

https://cmladlibahna.mp.gov.in/ पर जाएं

बेनिफिशियरी लिस्ट का ऑपशन सर्च कर इसके ऊपर क्लिक करें

अगले पेज पर चले जाएं

जरूरी डिटेल्स सेलेक्ट करें ( ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत में से आपको ग्राम पंचायत )

ग्राम पंचायत के विकल्प दबाने पर लाड़ली बहना आवास योजना की बेनिफिशियरी लिस्ट आ जाएगी। अब इसमें अपना नाम सर्च करें। अगर आपका नाम इस लिस्ट में शामिल होगा तो आप इस योजना की पात्र है।

# मप्र के आगामी बजट में प्रदेश के हर नागरिक को 25 लाख रूपये का स्वास्थ्य बीमा कवरेज देने की मांग करेगा एमपीसीसीआई

## बजट पर सुझाव प्रेषित करने हेतु चार्टर्ड एकाउंटेंट्स एवं कर सलाहकार के साथ चेम्बर भवन में बैठक आयोजित

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के प्रत्येक नागरिक को 25 लाख रूपये का बीमा कवरेज देने की मांग के साथ एमपीसीसीआई मध्यप्रदेश सरकार को बजट पर सुझाव प्रेषित करेगा। स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत हर नागरिक को 25 लाख रूपये का बीमा कवरेज मिले। इसके लिए सरकार किसी बीमा कंपनी की सहायता ले सकती है। इसके लिए सरकार को बजट में प्रावधान करना चाहिए। यह स्वास्थ्य बीमा योजना गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को मुफ्त दी जाए तथा अन्य नागरिकों से बीमा योजना के प्रीमियम का आधा हिस्सा लेकर आधे पर सरकार सब्सिडी उपलब्ध कराएगी तो प्रदेश का हर नागरिक इस बीमा योजना से लाभांवित हो सकेगा। इस प्रकार की योजना हमारे पड़ौसी राज्य राजस्थान में लागू की गई है।




मध्यप्रदेश के आगामी बजट पर सुझाव प्रेषित करने हेतु आज सायं 05.45 बजे चेम्बर भवन में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स एवं कर सलाहकार के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीए अशोक विजयवर्गीय, जीएसटी उपसमिति के संयोजक-सीए दीपक वाजपेयी, कर सलाहकार संघ से सीए राहुल मित्तल, आईसीएआई से एडवोकेट संदीप गुप्ता, सीए अजय, सीए राहुल जैन, कर सलाहकार संघ के पूर्व अध्यक्ष-एडवोकेट जे.सी. गोयल, मयंक गर्ग, पंकज गोयल उपस्थित रहे।

अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि बजट पर सुझाव को हम एक लाइन में परिभाषित कर सकते हैं कि - कोई भी टैक्स हमारे समीपवर्ती प्रदेश (उप्र. छग, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात) की तुलना में अधिक नहीं होना चाहिए और कोई कर ऐसा आरोपित न हो जो हमारे समीपवर्ती प्रदेश में न हो। हम इस अवधारणा पर ही सुझाव मप्र के आगामी बजट पर प्रेषित करेंगे।


बैठक का संचालन कर रहे मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने कहा कि मप्र में पेट्रोल-डीजल पर वैट अधिक होने से जहां व्यापारियों को नुकसान हो रहा है वहीं सरकार को भी कम राजस्व प्राप्त हो रहा है। साथ ही उत्पादों की लागत बढ़ने से जनता को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार प्रदेश में स्टाम्प ड्यूटी अधिक होने से रियल एस्टेट सेक्टर प्रभावित हो रहा है। यदि सरकार स्टाम्प ड्यूटी में कमी करती है इससे इस सेक्टर में बूम आयेगा।

बैठक में उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल ने सुझाव दिया सरकार हर माह लाड़ली बहना योजना पर लगभग 1600 करोड़ रूपये बांट रही है। इसके स्थान पर उद्योग स्थापित किए जाने चाहिए जिससे महिला एवं पुरूषों को रोजगार प्राप्त हो सकेगा और हमारा प्रदेश में रोजगार की समस्या का समाधान होकर प्रदेश उन्नति की राह पर अग्रसर होगा।

बैठक में उपस्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट्स एवं कर सलाहकार द्वारा पेट्रोल-डीजल को जीएसटी में शामिल करने अथवा इस पर वैट की दर प?ौसी राज्यों के समान करने, स्टाम्प ड्यूटी को कम किए जाने, प्रोफेशनल टैक्स को समाप्त करने, प्रदेश में प्रचलित वैट के समय व्यवसायियों की जमा की गई एफडीआर को वापिस किए जाने, ग्वालियर के लिए सीसीटीव्ही एवं यातायात कंट्रोल करने के लिए अलग से बजट का आवंटन करने, ग्वालियर को टूरिस्ट हब बनाने के लिए यहां के पर्यटन स्थलों के विकास के लिए अलग से बजट आवंटित करने, प्रदेश के बाहर से प्रसंस्करण हेतु दलहन मंगाने पर मण्डी शुल्क से छूट दिए जाने, व्यापारिक सुरक्षा कानून बनाने, मास्टर प्लान के अनुसार बन रही इमारतों की क्षमता के हिसाब से चारों महानगरों में आधुनिक फायर सिस्टम बनाए जाने सहित आदि प्रमुख सुझाव दिये गये। बैठक के अंत में आभार जीएसटी उपसमिति के संयोजक-सीए दीपक वाजपेयी द्वारा व्यक्त किया गया।

# क्रिकेट की नई क्रांति का उदय

**ग्वालियर में नवनिर्मित शंकरपुर स्टेडियम में सिंधिया कप से फटाफट क्रिकेट की नई क्रांति का आगाज होने जा रहा है... आईपीएल की तर्ज पर होने वाली मध्यप्रदेश लीग (एमपीएल) में क्रिकेट का रोमांच देखने को मिलेगा। जिसके साक्षी बनेंगे भारत को पहली बार वर्ल्ड कप जिताने वाले महान क्रिकेटर कपिल देव और देश की जानी-मानी हस्तियां।**



डॉ. केशव पाण्डेय

15 जून का दिन ग्वालियर के खेल प्रेमियों और क्रिकेट जगत के लिए सौगातों भरा साबित होगा। जब जगमगाती रोशनी में देश की जानी-मानी हस्तियों की मौजूदगी में फटाफट क्रिकेट का रोमांच देखने को मिलेगा। ग्वालियर के शंकरपुर क्षेत्र में शनिवार को एक नई क्रांति का उदय जो हो रहा है। इस क्षेत्र को अब एक नई पहचान मिलने जा रही है। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) ने यहां एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के अत्याधुनिक क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया है। स्टेडियम खेल प्रेमियों के स्वागत को तैयार है। यह स्टेडियम न केवल ग्वालियर और आसपास के क्षेत्र के खेल प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल बनेगा, बल्कि अंचल के युवाओं को अपने खेल-कौशल को निखारने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। इंदौर के होल्कर स्टेडियम के बाद यह प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा स्टेडियम है। पर्यावरण की दृष्टि से स्टेडियम का निर्माण महत्वपूर्ण है। क्योंकि पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा गया है। आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर स्टेडियम को ऊर्जा-सक्षम बनाया गया है। इसके अलावा, परिसर में हरियाली और पर्यावरण मित्र तत्वों को भी शामिल किया गया है। हरे-भरे पहाड़ों की खूबसूरती के बीच यह प्रकृति के करीब होने का अहसास भी कराएगा। करीब 200 करोड़ की लागत से 30 एकड़ में बने स्टेडियम में 50 हजार दर्शक मैच देख सकेंगे। इसमें 14.4 मीटर ऊंचाई का पवैलियन बनाया गया है। एलईडी वाली नई तकनीक की 6 फ्लड लाइट स्टेडियम में चार चांद लगाएंगी। जो खिलाड़ियों और दर्शकों को उच्चस्तरीय अनुभव कराएंगी।

स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय मानकों के मुताबिक स्वीमिंगपुल, सोना बाथ के साथ अत्याधुनिक जिम और ड्रेसिंग रूम भी तैयार किए गए हैं। प्रवेश के लिए 8 गेट हैं। कॉर्पोरेट सेक्टर के लिए 30 बॉक्स का निर्माण किया गया है। मीडिया के लिए भी बेहतर इंतजाम हैं। इस क्रिकेट स्टेडियम की विशेषताएं इसे अनोखा और महत्वपूर्ण बनाती हैं। जिससे यह मध्य प्रदेश के प्रमुख स्टेडियमों में से एक बन जाएगा।

उच्च स्तरीय आधुनिक स्टेडियम का निर्माण न केवल खेल के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल प्रदान करेगा। स्थानीय लोगों को रोजगार के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही होटल, रेस्टोरेंट व्यवसाय सहित परिवहन सेवा में भी वृद्धि होने की संभावना है। स्टेडियम से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास संभव हो सकेगा।

स्टेडियम क्षेत्र के युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर साबित होगा। यह उन्हें



खेल की दुनिया में अपनी पहचान बनाने का मंच प्रदान करेगा। स्थानीय क्रिकेट क्लबों और स्कूलों के लिए यह एक उत्कृष्ट स्थल होगा जहां वे अपने खेल कौशल को निखार सकेंगे और उच्चस्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे। स्टेडियम में नियमित रूप से कोचिंग कैंप और प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया जाएगा, ताकि उभरते हुए खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय मार्गदर्शन प्राप्त हो सके।

इसी उद्देश्य से ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया ने सार्थक पहल की है। जिसके तहत 15 से 23 जून तक मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) का आयोजन किया जा रहा है।

एमपीएल में पांच टीमें भाग लेंगी। जिसमें ग्वालियर चीताज, मालवा पैंथर्स, जबलपुर लायंस, भोपाल लैपर्ड्स और रीवा जैगुआर्स शामिल हैं। उद्घाटन मैच ग्वालियर चीताज और मालवा पैंथर्स के बीच होगा। जीयो सिनेमा और स्पोर्ट्स टीवी पर इसका लाइव प्रसारण देखने को मिलेगा। 23 जून को फाइनल होगा। मैच देखने के लिए आम दर्शकों को स्टेडियम में निःशुल्क प्रवेश मिलेगा।

एमपीएल के आगाज के साथ खेल गतिविधियों का श्रीगणेश होगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह, भारतीय टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश सरकार के मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर व महाआर्यमन सिंधिया की मौजूदगी में एमपीएल का शुभारंभ किया जाएगा।

एमपीएल के आगाज और स्टेडियम के निर्माण से खेल संस्कृति का विकास होगा। यहां विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मैचों के आयोजन किये जा सकेंगे। जिससे स्थानीय निवासियों को उच्चस्तरीय खेल देखने का मौका मिलेगा। इससे खेल के प्रति उनकी रुचि और जागरूकता में वृद्धि होगी। साथ ही, स्थानीय युवाओं को बड़े खिलाड़ियों से मिलने और उनसे प्रेरणा लेने का भी अवसर मिलेगा।

आपको बता दें कि स्टेडियम का निर्माण कैलाशवासी माधवराव सिंधिया के ड्रीम प्रोजेक्ट का हिस्सा था। जिसे उनके पुत्र केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने साकार किया है। ज्योतिरादित्य के पुत्र महाआर्यमन एमपीएल कराकर युवाओं को फटाफट क्रिकेट की सौगात देने जा रहे हैं। इस स्टेडियम के निर्माण के लिए ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जो प्रतिबद्धता दिखाई है और विभिन्न स्तरों पर सहयोग प्रदान किया है वह तारीफे काबिल है। उनका खेल प्रेम और स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देने का उद्देश्य इस स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएगा।

स्टेडियम के निर्माण से जहां खेल-प्रेमी खुश हैं वहीं स्थानीय समुदाय ने निर्माण का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के समग्र विकास का प्रतीक बताया है। उनका मानना है कि इससे आस-पास के इलाकों का तेजी से विकास होगा और युवाओं को नए अवसर मिलेंगे। स्थानीय खेल संगठनों और क्लबों ने भी इस पहल की सराहना की है और इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। भविष्य में स्टेडियम परिसर में एक स्पोर्ट्स अकेडमी और प्रशिक्षण केंद्र भी स्थापित किया जाएगा, जहां विभिन्न खेलों के लिए उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कहा जा सकता है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया की यह सार्थक पहल खेल के साथ ही क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी इससे न केवल खेल प्रेमियों को एक उत्कृष्ट स्थल प्राप्त होगा, बल्कि यह स्थानीय अर्थव्यवस्था और युवाओं के लिए भी नए अवसर प्रदान करेगा। ग्वालियर को खेलों के नक्शे पर एक नई पहचान दिलाएगा। इस स्टेडियम के माध्यम से शंकरपुर न केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरे देश में खेलों के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा। इस सौगात और भव्य आयोजन के लिए ग्वालियरवासियों की ओर से ज्योतिरादित्य एवं माहआर्यमन सिंधिया को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# एमपी प्रीमियर लीग का आयोजन आज से : महाआर्यमन

## - मुख्यमंत्री डा. यादव, बीसीसीआई सचिव जय शाह भी आएंगे

**ग्वालियर।** ग्वालियर में पहली बार एमपी प्रीमियर लीग का आयोजन आज शनिवार 15 जून से शुरू होगा। यह लीग आगामी 23 जून तक चलेगी। इसमें मप्र की पांच टीमें भाग लेंगी। वहीं आईपीएल की तर्ज पर हो रहे एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में युवा एवं उभरते क्रिकेट खिलाडियों को एक मंच मिलेगा।

शुक्रवार को पत्रकारों को जानकारी देते हुये ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसियेशन के उपाध्यक्ष एवं गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया और जीडीसीए के अध्यक्ष प्रशांत मेहता ने बताया कि क्रिकेट के लिए पहली बार मध्यप्रदेश में तमिलनाडू प्रीमियर लीग तथा सौराष्ट्र प्रीमियर लीग की तर्ज पर टी-20 टूर्नामेंट होगा। एमपीएल का शुभारंभ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, बीसीसीआई के सचिव जय




शाह, पूर्व भारतीय क्रिकेटर कपिल देव, मध्यप्रदेश के खेल मंत्री करेंगे। यह लीग आईपीएल और नेशनल टीम में उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण होगी। एमपीएल में पांच टीमें शामिल होंगी जिसमें रीवा जगुआर, जबलपुर लायंस, भोपाल लेपर्डस, मालवा पेंथरर्स तथा ग्वालियर चीताज प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट ग्वालियर के नवनिर्मित स्व. माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम पर दूधिया प्रकाश में होगा। एमपीएल में मप्र के उभरते खिलाडियों और सितारों वैंकटेश अययर, रजत पाटीदार, आवेश खान, कुमार कार्तिकेय, अनुभव अग्रवाल, यश जैसे खिलाड़ी भी आकर्षण बिखेरेंगे।

श्री सिंधिया ने बताया कि एमपीएल को लेकर शहर के प्रशासन ने विशेष यातायात व्यवस्था की है। जिसमें नया रूट बनाया गया है एवं स्टेडियम में पार्किंग वीवीआईपी एंट्री गेट 1 से वीआईपी एंट्री गेट 2 से व साधारण एंट्री अन्य गेटों से होगी। एमपीएल का सीधा प्रसारण जीओ टीवी में होगा। पत्रकार वार्ता में एमपीसीए के अध्यक्ष अभिलाष खांडेकर, सचिव संजीव राव, जीडीसीए के पूर्व सचिव रवि पाटनकर भी मौजूद थे।

# थाना प्रभारी छोटी से छोटी घटना को गंभीरता से लें: धर्मवीर सिंह

## - पुलिस कप्तान ने की अपराधों की समीक्षा

**ग्वालियर।** थाना प्रभारियों को छोटी से छोटी घटना को गंभीरता से लेना चाहिए, क्योंकि छोटे अपराधों की रोकथाम से ही गंभीर अपराधों को रोका जा सकता है। गंभीर अपराधों के मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तुरन्त घटना स्थल पर पहुंचकर कार्यवाही करें। यह निर्देश शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने शुक्रवार पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कही।

शहर की कानून व्यवस्था को सुधारने और अपराधों की रोकथाम के लिये पुलिस कप्तान धर्मवीर सिंह ने शुक्रवार को पुलिस अधिकारियों के साथ एक बैठक कर कहा कि थाना प्रभारियों को छोटी से छोटी घटना को गंभीरता से लेना चाहिए, क्योंकि छोटे अपराधों की रोकथाम से ही गंभीर अपराधों को रोका जा सकता है। उन्होंने सभी थाना प्रभारी से कहा कि वह मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर पुराने लंबित अपराधों के निकाल पर विशेष ध्यान दें और सीएसपी, एसडीओपी



भी अपने अधीनस्थ थानों में जाकर लंबित अपराधों के निराकरण के प्रयास करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों से कहा कि वह अपने-अपने क्षेत्र के निगरानी बदमाशों की जानकारी को अपडेट करें एवं फरार चल रहे बदमाशों की अभियान चलाकर धरपकड़ करेंगे।

उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्र में स्थान बदलकर प्रभावी वाहन चेकिंग कराएं तथा संदिग्धों के खिलाफ कार्यवाही करें। थाना क्षेत्र के ऐसे बदमाश जो लगातार वारदातों को अंजाम देते है, इनकी गुण्डा फाइल तैयार करें और थानों में लंबित जनसुनवाई तथा अन्य शिकायतों का समयसीमा में निकाल कर प्रतिवेदन वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित करें, कोई भी शिकायती आवेदन पत्र अनावश्यक लंबित नही पाया जाना चाहिए। इसके अलावा इनामी, फरारी बदमाशों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने माईक्रो बीट सिस्टम को भी प्रभावी कर पुलिस कर्मचारियों की क्षेत्र में जवाबदेही निर्धारित करने के निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान पुलिस कप्तान ने पुलिस अधिकारियों को लूट, गृहभेदन, चोरी, वाहन चोरी के अपराधों में फरार आरोपियों की शीघ्र पतारसी कर माल मशरूका सहित गिरफ्तारी के निर्देश भी दिये।

# राजस्थान से दबोचा दुष्कर्म का आरोपी

**ग्वालियर।** होने वाली मंगेतर से दुष्कर्म कर शोषण करने वाले आरोपी को जब पुलिस ने राजस्थान में उसके घर से दबोचा तो दुष्कर्मी के परिजन पुलिस से उलझ गए और धमकाने लगे। गिरफ्तार करने पहुंचे पुलिस अधिकारी और जवानों ने हिम्मत दिखाई और आरोपी को हिरासत में ले लिया और उसे लेकर ग्वालियर ले आई। पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को राजस्थान के ब्यावरा से पकड़ा है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

टीआई पड़ाव इला टण्डन ने बताया कि महलगांव निवासी 28 वर्षीय युवती की जान पहचान राजस्थान के ब्यावरा निवासी जतिन सिंह लहवासिया से सामाजिक ग्रुप के माध्यम से हुई और उनके बीच शादी की बातचीत शुरू हुई। दोनों के परिवारों ने भी बातचीत की और शादी के लिए रजामंदी दी। इसके बाद जतिन वर्ष 2023 में ग्वालियर आया और युवती को मिलने एक होटल में बुलाया। जहां पर उसने शादी का वादा कर उसके साथ गलत काम किया। इसके बाद वह अक्सर ग्वालियर आने लगा और अलग-अलग होटल में युवती को बुलाकर उसके साथ गलत काम करता था। जब काफी दिन बीत गए और युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो जतिन अपने वादे से मुकर गया और उसके परिजनों ने भी शादी से इनकार कर दिया। धोखे का शिकार पीडिता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में दबिश दी तो वह अपने घर से गायब मिला। इसके बाद उसे पकडने के लिए एसआई संगीता मिंज को पुलिस बल के साथ आरोपी को दबोचने के लिए रवाना किया गया। बीते रोज पुलिस आरोपी को दबोचने के लिए उसके घर पहुंची और उसे पकड़ लिया। इसी बीच उसके परिजन वहां पर एकत्रित हो गए और पुलिस पर आरोपी को छोडने के लिए दबाव बनाने लगे और धमकी दी। परिजनों के तेवर देखकर पुलिसकर्मियों ने हिम्मत दिखाई और बगैर घबराए आरोपी को लेकर ब्यावरा थाने पहुंचे और उसे लेकर ग्वालियर ले आये। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान, मर्ग कायम कर विवेचना शुरू

**ग्वालियर।** छह माह पहले हुई शादी के बाद नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना थाटीपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुरा दरगाह वाली गली की है। घटना का पता चलते ही परिजनों ने फंदा काटकर नवविवाहिता को फंदे से उतारा और उपचार के लिए लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थाटीपुर थाना क्षेत्र के दरगाह वाली गली गोपालपुरा निवासी 21 वर्षीय अंजली शाक्य पत्नी राहुल शाक्य ने अपने कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर सुसाइड कर लिया। घटना का पता उस समय चला जब उसकी जेठानी सोनम किसी काम से कमरे में पहुंची तो वह फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। उसे फंदे पर लटका देखकर उसने शोर मचाया तो अन्य परिजन वहां पर पहुंचे और चाकू से फंदा काटकर उसे उतारा और उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच में पता चला है कि अंजली बिहार की रहने वाली है और छह माह पहले ही उसकी शादी हुई है। वहीं परिजनों का कहना है कि मृतका झगड़ालू प्रवृत्ति की थी और हमेशा पति व ससुराल वालों से झगड़ती रहती थी।

# कैफे में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो नाबालिग भिण्ड से पकड़े

**ग्वालियर।** गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के कैफे में रंगदारी को लेकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने भिण्ड से दबोचा है। पकड़े गए दोनों आरोपी नाबालिग हैं और पुलिस ने उन्हें निगरानी में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस मामले में अभी एक अन्य आरोपी फरार है और उसकी तलाश में पुलिस पार्टी दबिश दे रही है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से एक पिस्टल और एक कट्टा बरामद किया है।

गोला का मंदिर थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा ने बताया कि दो दिन पहले विकास भदौरिया के गोला का मंदिर थाना क्षेत्र स्थित टी कैफे में रंगदारी को लेकर तीन बदमाशों ने मारपीट और फायरिंग की थी। फायरिंग के बाद यहां पर दहशत का माहौल था और पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में उनके घर पर दबिश दी तो आरोपी अपने घरों से फरार मिल थे। इसके बाद पुलिस ने उनके नाते-रिश्तेदारों की जानकारी जुटाने में जुट गई। पुलिस टीम ने आरोपियों को पकडने के लिए भिण्ड में दबिश दी तो आरोपी पुलिस के हाथ लग गए। पुलिस की गिरफ्त में आये दोनों आरोपी नाबालिग है। नाबालिग आरोपियों से से पूछताछ के बाद पुलिस ने उनसे वारदात में प्रयुक्त पिस्टल और एक कट्टा बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस कप्तान धर्मवीर सिंह का कहना है कि आरोपियों को जिसने हथियार उपलब्ध कराए हैं, उनके खिलाफ भी पुलिस कार्रवाई करेगी। इसके लिए पुलिस टीम आरोपियों से पूछताछ कर रही है, जिससे उनके खिलाफकार्रवाई की जा सकें। वहीं पुलिस आरोपियों के अन्य साथी की तलाश में भी दबिश दे रही है।

# मामा के बांध के पास मोर्टार बम मिलने से हड़कंप

## - पौधारोपण की खुदाई के समय गड्ढे में मिला, पुलिस ने किया जब्त

**ग्वालियर।** स्वर्ण रेखा नाले के केचमेंट एरिया में बीते दिनों से शुरू हुये पौधारोपण के लिये गडढा खुदाई के समय शुक्रवार को मामा बांध के पास मोर्टार बम मिलने से हड़कंप मच गया। वन विभाग का मैदानी वन अमला समेत लेबर दूर-दूर भाग खड़ी हुई। वहीं आनन फानन में इसकी सूचना वरिष्ठ वन अधिकारियों को दी गई। साथ ही स्थानीय पुलिस थाना गिरवाई को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची अधिकारियों की टीम ने मोर्टार बम को जब्त कर सुरक्षित स्थान ले गये। बताया गया है कि शुक्रवार की दोपहर को मामा साहब का बांध केचमेंट एरिया में पौधारोपण के लिये सैकड़ों की संख्या में गडढे खोदे जा रहे थे। इसी दौरान दोपहर 12 बजे एक लोहे की अजनबी सी चीज दिखाई दी। बेलनाकार आकार का लगभग 8 पोण्ड



का होगा। जो देखने पर मिलेट्री मोर्टार बम दिखाई दिया। संभवतः यहां कभी मिलेट्री फोर्स का फायरिंग रेंज होगी। जहां अभ्यास करने के लिये मोर्टार बम चलाता करते थे। लेकिन वह मिटटी में जमींदोज हो जाने से दिखाई नहीं दिया होगा। जबकि शुक्रवार को गडढा खुदाई में उपर आ गया। मोर्टार बम जब्ती कार्रवाई में तिघरा वन परिक्षेत्र अधिकारी सुखोय शर्मा, डिप्टी रेंजर कालीचरण चतुर्वेदी, वनरक्षक लोकेन्द्र कुशवाह एवं अन्य स्टाफमौजूद रहा।

# पेयजल एवं सीवर से संबंधित समस्याओं का अधिकारी एक सप्ताह में करें निराकरण: श्रीमती सिकरवार

## - पेयजल एवं सीवर समस्या को लेकर महापौर ने की समीक्षा

**ग्वालियर।** तिघरा जलाशय में पानी कम है इसको देखते हुए शहरवासियों को पर्याप्त व शुद्ध जल मिले इसके लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे। जिस क्षेत्र में पानी नहीं पहुंच रहा है उन क्षेत्रों को चिह्नित कर टैंकर या अन्य माध्यम से पार्षदों के साथ समन्वय स्थापित कर अधिकारी पेयजल उपलब्ध करायें। इसके साथ ही पेयजल एवं सीवर सें संबंधित कोई बडी समस्या है तो उसका एक सप्ताह में निराकरण करायें। यह निर्देश महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने शुक्रवार को ग्वालियर पूर्व, ग्वालियर दक्षिण एवं ग्रामीण विधानसभा में पेयजल एवं सीवर से संबंधित समस्याओं के निराकरण के संबंध में आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए।

शहरवासियों की पेयजल और सीवर संबंधी समस्याओं के निदान के लिये महापौर डा. श्रीमती शोभा सिकरवार ने शुक्रवार को निगम के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की। बैठक में पेयजल एवं सीवर से संबंधित समस्या से अवगत कराते हुए वार्ड 21 के पार्षद बृजेश



श्रीवास ने कहा कि क्षेत्र में पेयजल समस्या तो है परंतु एक बार मोटर खराब होने के बाद कई दिनों तक उसको सुधारा नहीं होता जिस कारण कई क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। बैठक में वार्ड 22 के पार्षद प्रमोद खरे ने बताया कि क्षेत्र में कई गलियों में पानी नहीं पहुंच रहा है। अधिकारी सर्वे करके पेयजल उपलब्ध करायें तथा सीवर लाइन की सफाई न होने से ओवरफ्लो हो रहे हैं। बैठक में वार्ड 23 के पार्षद सुरेश सोलंकी ने अपने क्षेत्र की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। वहीं वार्ड 25 की पार्षद श्रीमती प्रीति संजय सिंह परमार ने भी वार्ड की समस्यायें बताई। बैठक में वार्ड 18 की पार्षद श्रीमती रेखा त्रिपाठी ने बताया कि निगम द्वारा पेयजल लाइन डालने के बाद उनका मिलान नहीं किया गया है। जिस कारण कई क्षेत्रों में आमजन को पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। साथ ही वार्ड 26 की पार्षद श्रीमती ममता अरविंद शर्मा ने बताया कि त्यागी नगर में पेयजल लाइन डाली गई है परंतु मिलान नहीं किया गया। वार्ड 27 की पार्षद श्रीमती लक्ष्मी सुरेश सिंह गुर्जर ने बताया कि चिक संतर में गंदे पानी की समस्या बनी हुई है। साथ ही वार्ड 28 की पार्षद श्रीमती गायत्री सुधीर मंडेलिया ने बताया कि भीम नगर में पेयजल लाइन नहीं है। जहां लाइन डाल दी है उनके मिलान नहीं किये गए हैं। इनके साथ ही कई अन्य पार्षदों ने अपने क्षेत्र की समस्यायें बताई। बैठक में बारी-बारी से पार्षदों की समस्यायें सुनकर महापौर श्रीमती सिकरवार ने समस्याओं के निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक में उपनेता सत्तापक्ष योगेन्द्र यादव मंगल भैया, एमआईसी सदस्य अवधेश कौरव, नाथूराम ठेकेदार, श्रीमती लक्ष्मी सुरेश सिंह गुर्जर, अपर आयुक्त विजय राज, कार्यपालन यंत्री संजीव गुप्ता सहित अन्य संबंधित सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

# दस घंटे पहले घर पहुंची नाबालिग फिर हुई गायब

**ग्वालियर।** दस घंटे पहले जिस बेटी को वन स्टॉप सेंटर से परिजन लेकर आए थे, वह परिजनों की आंख लगते ही घर से गायब हो गई। घटना महाराजपुरा थाना क्षेत्र के डीडी नगर की है। घटना का पता चलते ही परिजन थाने पहुंचे और पुलिस से शिकायत की। महाराजपुरा थाना क्षेत्र के डीडी नगर निवासी पंद्रह वर्षीय नाबालिग को बीते रोज शाम साढ़े चार बजे परिजन वन स्टॉप सेंटर से लेकर घर आए थे। खाना खाने के बाद मां-बेटी एक ही बिस्तर पर लेट गई थी। रात करीब पौने एक बजे मां की नींद खुली तो नाबालिग गायब थी। उसे गायब देखकर मां ने पहले घर में तलाश की, लेकिन पता नहीं चलने पर पति को जगाया और अपने स्तर पर तलाशा, लेकिन नाबालिग का पता नहीं चला तो परिजन थाने पहुंचे और शिकायत की। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी है।

## बाइक की टक्कर से छात्रा घायल

**ग्वालियर।** किराना दुकान से सामान लेने जा रही छात्रा को तेज रफ्तार बाइक सवार ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। घटना थाटीपुर थाना क्षेत्र के चम्बल कॉलोनी की है। थाटीपुर थाना क्षेत्र के चंबल कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय खुशी श्रीवास्तव पुत्री राघवेन्द्र श्रीवास्तव बीते रोज घर से दुकान पर सामान लेने के लिए निकली थी और अभी कुछ ही दूर पहुंची थी कि तभी तेज रफ्तार आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही से चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक वहां से भाग निकला।

# कियोस्क संचालक के साथ लूट करने वाले दो नाबालिग लुटेरे पुलिस ने पकड़े

## - वारदात में प्रयुक्त बाइक, एक मोबाइल, दस हजार रुपए बरामद

**ग्वालियर।** बीते दिनों कियोस्क संचालक से हुई लूट का बहोड़ापुर थाना पुलिस ने खुलासा कर दिया है। वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचकर उनसे वारदात में प्रयुक्त बाइक और दस हजार रुपए नगदी के साथ लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया है। पकड़े गए दोनों आरोपी नाबालिग हैं और पुलिस ने उनके फरार साथी की तलाश में दबिश देना शुरू कर दिया है।

बहोड़ापुर थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि चार दिन पहले बहोड़ापुर निवासी कियोस्क संचालक नवीन जैन से बाइक सवार तीन बदमाशों ने कट्टा अड़ाकर नगदी से भरा बैग लूटा था। वारदात का पता चलते ही पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने जब बदमाशों के आने और जाने के रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो एक स्थान पर बदमाशों के सीसीटीवी फुटेज मिले, लेकिन बदमाश मुंह से साफी बांधे होने के कारण उनकी पहचान नहीं हुई, इसके बाद पुलिस की टीम को फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जिम्मेदारी दी। जिस पर पुलिस टीम फुटेज के आधार पर सर्च करते हुए किशनबाग पहुंची तो पता चला कि यह फुटेज एक नाबालिग का है, इसका पता चलते ही पुलिस ने उसे लिफ्ट कर पूछताछ की तो वह टूट गया और वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने नाबालि आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ के बाद उसके एक अन्य साथी को पुरानी छावनी इलाके से पकड़ लिया है, जबकि तीसरा साथी फरार हो गया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद पकड़े गए लुटेरों से दस हजार रुपए नगदी, वारदात में प्रयुक्त बाइक के साथ ही एक मोबाइल बरामद किया है। जबकि शेष लूटा गया माल तीसरे साथी पर है और वह इनके पकड़े जाने का पता चलते ही फरार हो गया है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस टीम मुरैना में दबिश दे रही है।

### दस मिनट में बाइक पार

दवा एजेंसी संचालक के घर के बाहर खड़ी बाइक चोर दस मिनट में चोरी कर ले गया। घटना बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के उरवाई गेट स्थित विनय नगर सैक्टर तीन की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जब पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो वारदात को अंजाम देते हुए चोर कैद हुआ है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी है। बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के विनय नगर सैक्टर तीन निवासी दीपक शर्मा बीते रोज बाजार से आए और दरवाजे पर बाइक खड़ी कर अंदर चले गए। दस मिनट बाद जब वह वापस आए तो बाइक गायब थी। बाइक गायब देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

# आईटीआई में प्रवेश की प्रक्रिया 20 जून तक बढ़ी

**ग्वालियर।** संभाग की शासकीय आईटीआई ग्वालियर में सत्र 2024 में ऑनलाईन प्रवेश के लिए डीएसटी की सीटों को सम्मिलित करते हुए, डीएसडी ऑनलाईन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने के लिए, रजिस्ट्रेशन को 20 जून तक बढ़ा दिया हैं। आवेदक अब प्रवेश लेने के लिए डीएसटी सहित सामान्य ट्रेडों का चयन कर च्वाइस फिलिंग 20 जून तक कर सकते हैं।

प्राचार्य शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था ग्वालियर महेश आर्य ने बताया कि इसमें छात्र प्रशिक्षण के साथ-साथ इंडस्ट्री में कार्य करने का अनुभव भी प्राप्त करता है। जिससे उसका कौशल बढ़ता है ओर इंडस्ट्री में कार्य करने के अधिक अवसर प्राप्त होते है। इस प्रशिक्षण हेतु छात्र की आयु 18 वर्ष से अधिक होना अनिवार्य है। शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था ग्वालियर में आठवी-दसवी के आधार पर इलेक्ट्रीशियन, फिटर, कोपा, स्टेनो (हिंदी इंग्लिश), स्विंग टेक्नोलॉजी, ड्रेस मेकिंग, फैशन डिजाईन एवं टेक्नोलॉजी, फाउंड्रीमैन, आदि 21 व्यवसायों एवं डीएसटी के अंतर्गत इलेक्ट्रीशियन, फिटर, कोपा, स्विंग टेक्नोलॉजी, ड्रेस मेकिंग, फैशन डिजाईन एवं टेक्नोलॉजी एवं टर्नर में प्रवेश ले सकेंगे, जिसके लिये इच्छित संस्थाओ एवं व्यवसाय की प्राथमिकता क्रम का चयन 20 जून तक करना होगा।

# सिंधिया का नगरागमन पर करेंगे भव्य स्वागत: शर्मा



**ग्वालियर।** केन्द्रीय मंत्री बनने के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रथम नगर आगमन पर पार्टीजन एवं समर्थक उनका भव्य स्वागत करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री सत्येन्द्र शर्मा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर चंबल के साथ साथ प्रदेश के विकास के लिए हमेशा कार्य किया है। आज ग्वालियर में विकास की धारा बह रही है। चारों ओर विकास के कार्य हो रहे हैं हम सभी ग्वालियरवासी केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के आगमन पर भव्य स्वागत कर अभिनन्दन करेंगे।

# मॉक ड्रिल कर बताये आग बुझाने के तरीके

**ग्वालियर।** शहर में आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के लिए फायर ब्रिगेड द्वारा आमजन को अग्निशमन के संबंध में जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न स्थानों पर मॉक ड्रिल कराई जा रही है। उपायुक्त डॉ. अतिबल सिंह यादव ने बताया कि आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के लिए फायर ब्रिगेड द्वारा आमजन को अग्नि सुरक्षा के संबंध में जागरूकता बढ़ाने हेतु बिरला हॉस्पिटल सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर पर गार्ड एवं आमजन को अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्थाऐं दुरुस्त रखने हेतु मॉक ड्रिल कराई गई। जिसमें फायर एक्सटिंग्यूशर, हॉज रील, हाइड्रेट, हॉज पाइप का उपयोग कर आग बुझाने के तरीके सिखाये एवं अग्निशमन के दौरान भवन को खाली कर स्वयं की सुरक्षा एवं उपस्थिति अन्य बच्चे, बूढे एवं निशक्तजनों को सुरक्षित करना एवं उक्त अग्निशमन उपकरणों का उपयोग करने पर रखी जाने वाली सावधानियां एवं तत्परता के साथ कार्य करने के गुण सिखाये गये। इसके साथ-साथ तेलों, इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स जैसे टी.व्ही., फ्रिज, ए.सी. प्लास्टिक सिन्थेटिक, फेवीकोल, थर्माकोल में लगी आग पर कैसे काबू पाया जाता है। यह मॉक ड्रिल में सिखाया गया।



# संपादकीय

## भारत में कानून के बाद भी नहीं बदले हालात




लैंगिक समानता के लिए विश्व भर की सरकारों ने अनेक नीतियां बनाई हैं, पर उनसे अपेक्षित परिणाम नहीं निकल पाए हैं। विश्व आर्थिक मंच की रपट से स्पष्ट है कि भारत में नीतियां फाइलों और घोषणाओं तक सीमित रह गई हैं। पूरी दुनिया में लंबे समय से महिलाओं को पुरुषों के बराबर हक और हिस्सेदारी की जरूरत की बात उठती रही है। सरकारों ने अनेक नीतियां बनाईं, कई नियम-कायदों में बदलाव किए गए। लेकिन शिक्षा, आय, सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी के स्तर पर सवाल उठते रहते हैं। विश्व आर्थिक मंच की इस साल की लैंगिक अंतर सूचकांक रपट में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक आंका गया है। भारत दो पायदान नीचे खिसककर 129वें स्थान पर आ गया, जबकि आइसलैंड जैसे छोटे से देश ने सूची में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। दक्षिण एशिया में भारत वैश्विक लैंगिक अंतर सूचकांक में बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और भूटान के बाद पांचवें स्थान पर है। रपट में यह भी कहा गया है कि भारत ने 2024 में अंतर का 64.1 फीसद कम कर लिया है। भारत के आर्थिक समानता स्कोर में सुधार हो रहा है, लेकिन 2012 के 46 फीसद के स्तर पर लौटने के लिए इसे 6.2 फीसद अंक बढ़ाने की जरूरत है।

लैंगिक समानता के लिए विश्व भर की सरकारों ने अनेक नीतियां बनाई हैं, पर उनसे अपेक्षित परिणाम नहीं निकल पाए हैं। विश्व आर्थिक मंच की रपट से स्पष्ट है कि भारत में नीतियां फाइलों और घोषणाओं तक सीमित रह गई हैं। भारत पिछले वर्ष 127वें स्थान पर था और सूची में दो पायदान नीचे जाने की मुख्य वजहों में शिक्षा प्राप्ति और राजनीतिक सशक्तीकरण मापदंडों में आई मामूली गिरावट है। यह स्थिति तब है, जब भारत में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए विधेयक पारित किया जा चुका है। माध्यमिक शिक्षा में नामांकन के मामले में भारत ने बसे अच्छी समानता दिखाई है जबकि महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण में अपना देश 65वें स्थान पर है। बीते 50 वर्षों में महिला/पुरुष राष्ट्राध्यक्षों के साथ समानता के मामले में भारत 10वें स्थान पर है। स्पष्ट है कि लोगों के दृष्टिकोण में बदलाव तो आ रहा है, लेकिन पुरुषवादी मानसिकता पूरी तरह खत्म नहीं हो रही है। इस स्थिति को बदलने के लिए समाज की मानसिकता को बदलना होगा।

# पाक-नापाकः अपने ही बनाए नियमों को सुबह शाम तोड़ रहे हैं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री...और उनके मंत्री

**‘ दक्षिण एशिया के देश दुनिया के अन्य देशों से अलग नहीं हैं और इस हफ्ते मैं अमर उजाला के पाठकों का ध्यान इस खबर की ओर दिलाना चाहूंगी कि पाकिस्तान की मुख्य पार्टियां यह सुनिश्चित करने के लिए एकजुट हो गई हैं कि एक ऐसा कानून बनाया जाए, ताकि मीडिया की आवाज को और दबाया जा सके। हालांकि पाकिस्तानी मीडिया को चुप कराने संबंधी खबरों में सबसे निराशाजनक खबर दिवंगत बेनजीर भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की तरफ से आई है, जिसने पंजाब प्रांत की पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) की मरियम नवाज सरकार के नए विवादास्पद पंजाब मानहानि विधेयक, 2024 को पारित कराने में साथ दिया है, ताकि उन आक्रोशित नागरिकों को शांत किया जा सके, जो अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। ’**



इसे पाकिस्तान की विडंबना ही कहें कि जहां आम लोगों को एक्स का इस्तेमाल करने पर पाबंदी लगा दी गई है, वहीं प्रधानमंत्री खुद और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य सुबह-शाम एक्स का उपयोग कर अपने ही नियम को तोड़ रहे हैं। असैन्य तानाशाही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को खत्म करने के लिए हर तरह के हथकंडे अपना रही है। बोलने की आजादी, जुझारू व हर तरह के सेंसरशिप से आजाद मीडिया, असहमति को सहन करने की ताकत, असंतोष को दबाना-ये सभी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से जुड़े मुद्दे हैं, जिनके बारे में हम दुनिया भर में पढ़-सुन रहे हैं। हर जगह शासक और ताकतवर लोग मीडिया की आवाज को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। सिर्फ उन्हीं खबरों को प्रकाशित एवं प्रसारित करने की अनुमति देते हैं, जो उन्हें पसंद हों। दक्षिण एशिया के देश दुनिया के अन्य देशों से अलग नहीं हैं और इस हफ्ते मैं अमर उजाला के पाठकों का ध्यान इस खबर की ओर दिलाना चाहूंगी कि पाकिस्तान की मुख्य पार्टियां यह सुनिश्चित करने के लिए एकजुट हो गई हैं कि एक ऐसा कानून बनाया जाए, ताकि मीडिया की आवाज को और दबाया जा सके। हालांकि पाकिस्तानी मीडिया को चुप कराने संबंधी खबरों में सबसे निराशाजनक खबर दिवंगत बेनजीर भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की तरफ से आई है, जिसने पंजाब प्रांत की पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) की मरियम नवाज सरकार के नए विवादास्पद पंजाब मानहानि विधेयक, 2024 को पारित कराने में साथ दिया है, ताकि उन आक्रोशित नागरिकों को शांत किया जा सके, जो अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। अतीत में जनरल जिया उल हक जैसे सैन्य तानाशाहों ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी थी और विरोध करने वालों को सार्वजनिक रूप से कोड़े तक मारे थे। आज भी मेरे एक बुजुर्ग सहकर्मी नासिर जैदी जीवित हैं, जो बताते हैं कि कैसे तानाशाह ने उन्हें स्वतंत्र रूप से लिखने की हिम्मत करने के लिए कोड़ों से पीटा था। आज असैन्य तानाशाही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को खत्म करने के लिए हर तरह के हथकंडे अपना रही है। यही नहीं, अब पत्रकारों के गायब होने और उनकी हत्या का खतरनाक चलन भी दिख रहा है। इससे पहले दुनिया भर के तानाशाहों की तरह पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कुछ महीने पहले पूरे पाकिस्तान में एक्स पर प्रतिबंध लगा दिया था। तब लोगों को वीपीएन इंस्टाल करना पड़ता था, जो सिस्टम को अनब्लॉक करने में मदद करता है, ताकि उपयोगकर्ता ट्वीट कर सकें। इनमें से कुछ वीपीएन मुफ्त हैं, जबकि कुछ अन्य के लिए आपको भुगतान करना पड़ता है, तभी एक्स तक पहुंच सकते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि जहां आम लोगों को एक्स का इस्तेमाल करने पर पाबंदी लगा दी गई है, वहीं प्रधानमंत्री खुद और उनके मंत्रिमंडल के सभी सदस्य सुबह-शाम एक्स का उपयोग कर अपने ही नियम को तोड़ रहे हैं। इस हफ्ते हम सबको इस बात पर हंसी आई कि एक्स को ब्लॉक किए जाने के बावजूद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके भाई नवाज शरीफ ने भारतीय प्रधानमंत्री को आम चुनाव में जीत की बधाई ट्वीट करके दी और प्रधानमंत्री मोदी ने भी ट्वीट करके जवाब दिया। इस पाखंड को सबने समझ लिया कि पाकिस्तान के राजनेता कैसे अपने ही कानून का उल्लंघन कर रहे हैं। अब पंजाब प्रांत की सरकार ने पंजाब मानहानि विधेयक, 2024 के लिए आधिकारिक रूप से गजट अधिसूचना जारी कर दी है, जिसे विवादास्पद कहा जाता है। नए कानून का उद्देश्य यूट्यूब, टिकटॉक, एक्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गलत सूचनाओं से निपटना है, जिससे ‘फर्जी खबर’ फैलाने वालों के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया जा सके। इस बात से हर कोई सहमत है कि सोशल मीडिया पर जो कुछ पोस्ट किया जाता है, उनमें से कुछ नफरत से भरा और अस्वीकार्य होता है। लेकिन उन अकाउंट को बंद करने के बजाय, जो नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं, आप पूरे नेटवर्क को बंद नहीं कर सकते। पत्रकार समुदाय ने इस विधेयक का जमकर विरोध किया है। गैर-लोकतांत्रिक बताते हुए इसकी निंदा की है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की ओर से भी प्रेस की स्वतंत्रता को बाधित करने के कारण कड़ी आपत्ति जताई गई है। अंग्रेजी दैनिक द डॉन ने संपादकीय में लिखा है- %ये घटनाक्रम इस बात की याद दिलाते हैं कि हमारे संविधान द्वारा प्रदत्त अभिव्यक्ति और भाषण की स्वतंत्रता पर शिकंजा कसा जा रहा है, जिसे आम नागरिक अभी तक पूरी तरह समझ नहीं सके हैं। यहां चिंता यह नहीं है कि नागरिकों को जो कुछ भी वे कहना या उपभोग करना चाहते हैं, उन्हें उसकी अनुमति दी जानी चाहिए, आखिरकार नागरिक होने के नाते वे भी देश के कानून से बंधे हैं। बल्कि डर यह है कि इन हथकंडों का इस्तेमाल पुलिस और सत्ता से असहमत केवल चुनिंदा लोगों को निशाना बनाने के लिए किया जाएगा। इस हफ्ते की दूसरी चौंकाने वाली खबर यह है कि शहबाज शरीफ सरकार अब इंटरनेट फायरवॉल बना रही है, जिसे कथित तौर पर अधिकारियों ने गुप्त रूप से लागू करना शुरू कर दिया है, जो उन्हें पाकिस्तानी उपयोगकर्ताओं द्वारा इंटरनेट पर पोस्ट की जाने वाली या देखी जाने वाली हर चीज पर जासूसी करने की अनुमति देगा। यह इंटरनेट फायरवॉल ग्रेट फायरवॉल की तरह है, जिसका उपयोग चीनी अधिकारी अपने नागरिकों पर नजर रखने के लिए करते हैं। यह इंटरनेट फायरवॉल इंटरनेट पुलिस की तरह काम करेगा। खबरें बताती हैं कि सरकार ने विभिन्न प्रौद्योगिकियों का उपयोग शुरू कर दिया है, जिससे यह निगरानी की जा सकेगी कि कोई उपयोगकर्ता इंटरनेट पर क्या कह, सुन या पढ़ रहा है।

एक दृष्टिकोण है कि इसके दुरुपयोग की संभावना बहुत ज्यादा है, इसलिए इस परियोजना के पूरा होने से पहले उचित मंचों पर इसे जांच के दायरे में लाया जाना चाहिए। पाकिस्तान तानाशाहों को अपने लोगों पर नियंत्रण बढ़ाने का जोखिम नहीं ले सकता। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बाधित करने के निरंतर प्रयासों पर पूर्व संपादक अब्बास नासिर ने कहा, %यह उल्लेखनीय है कि इन दिनों मीडिया पर होने वाली किसी भी चर्चा में लगभग हमेशा पारंपरिक मीडिया को शामिल नहीं किया जाता है, जैसे कि ऑनलाइन समाचार साइटों के अलावा, चौबीसों घंटे चलने वाले दर्जनों टीवी चैनल और समाचार पत्र। इसका केवल एक कारण हो सकता है = पारंपरिक मीडिया अब अधिकारियों के इतने अधीन है कि इसे बड़े पैमाने पर उनका मुखपत्र माना जाता है। बहुत कम सम्मानजनक अपवादों के बावजूद। अगर आप मुझसे पूछें, तो यह दुखद है।% बहरहाल, कई दशकों के अपने अनुभव के आधार पर मेरा मानना है कि पाकिस्तानी मीडिया इस पर पलटवार करेगा। यहां तक कि अतीत में भी इसने सैन्य एवं असैन्य तानाशाही का विरोध किया है। हम अपनी जगह वापस पाने, अपनी आवाज बुलंद करने और सच बोलने के लिए लड़ेंगे।

# कुदरत से मेल की जगह लोग कर रहे उसका दोहन, विकास की अंधी दौड़ में प्रकृति के प्रति नहीं है किसी का ध्यान

बदलते दौर में मन की कमियों से जीतने के लिए इंसान अप्राकृतिक सुखों का भ्रमवश सहारा तलाशता है। प्रकृति की गोद में बैठकर आत्मा टटोलने में लगेंगे तो सही राह तक पहुंच सकते हैं, पर भौतिक संसाधनों की ओर और ज्यादा झुकने से वास्तविक जीवन पटरी से उतरता प्रतीत होता है। प्रकृति ईश्वर की सर्वोत्तम भेंट है। ईश्वर प्रकृति के माध्यम से भोजन, हवा, पानी, सांस और आनंद देता है, वहीं मन हमें आनंद-क्लेश और सुख-दुख दोनों दे सकता है। विशेषकर मनुष्य छेड़छाड़ करके अपने और प्रकृति के नुकसान का कारण और चुनौती बनता जा रहा है, जबकि अधिकतर अन्य जीव प्रकृति अनुकूल जीवन जीते हैं। विकास की भूख, जरूरतों के अंबार और आधुनिकता की ओट में वनों की कटाई, पर्वतों की तोड़फोड़ करके मकान, उद्योग, वाणिज्यिक गतिविधियां, सड़क आदि के निर्माण में कंक्रीट की बड़ी-बड़ी परियोजनाएं खड़ी हो रही हैं। आधुनिकता के ढेरों पक्षकार मानते हैं कि जो कुछ भी है, सब सुख वृद्धि व विकास की रफ्तार के लिए है। सुख की अबूझ पिपासा प्रकृति के साथ अबाध और परिणामविमुख छेड़खानी चल रही है। हालांकि प्रकृति बारंबार चेताती है। कभी भूकम्प आहट देता है तो कभी बाढ़ का तांडव। मनुष्य कुछ पल झिझकता है, लेकिन आधुनिकता और विकास की अंधी दौड़ में फिर से जुट जाता है। मन जीव का विषय है, जिसका बहुत बड़ा संबंध प्रकृति से है। उसकी इच्छाओं को पूरा करने के लिए इंसान सब कुछ संगठित-असंगठित तरीके से कर रहा है। निर्मल मन वाला व्यक्ति ही आध्यात्मिक और प्रकृति के अर्थ को समझ सकता है। अस्वस्थ मन से उत्पन्न कार्य भी अस्वस्थ होंगे। इंसान मन को मनाकर खुश रह सकता है, न कि उसके मुताबिक चलकर। देह एक रथ है, इंद्रिया उसमें घोड़े, बुद्धि सारथी और मन लगाम है। मन को कर्तव्य की डोरी से बांधना पड़ता है, नहीं तो उसकी चंचलता आदमी को न जाने कहां लिए फिरे। मन में दुख होने पर देह भी ठीक वैसे ही संतप्त होने लगती है, जैसे घड़े में तपाए हुए लोहे के गोले को डाल देने में उसमें रखा हुआ ठंडा पानी गर्म हो जाता है। खुश रहने का एक सीधा-सा मंत्र है- कौन क्या, कैसे और क्यों कर रहा है, इससे मन को जितना दूर और संतुलित रखेंगे, मन की शांति के उतने ही करीब रहेंगे। परिस्थिति बदलना मुश्किल न हो तो मन की स्थिति बदल ली जाए। सब कुछ अपने-आप बदल जाएगा। अच्छी मानसिकता से ही अच्छा जीवन जीया जाता है। मानसिक बीमारियों से बचने का एक ही उपाय है कि हृदय को घृणा से और मन को भय और चिंता से मुक्त रखा जाए। प्रकृति को भूलना आधुनिकता नहीं है। इसके भाव को सहज रूप से महसूस न करने वाला मन बीमार होता है। इंसान की आर्थिक स्थिति कितनी भी अच्छी हो, लेकिन जीवन और प्रकृति का सही आनंद लेने के लिए मानसिक स्थिति अच्छी होनी चाहिए। कोई रचनात्मक काम करने से मन बुरे विचारों में नहीं उलझेगा। आदमी जितना सृष्टि से दूर हो रहा है, शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से उतना ही अस्वस्थ्य हो रहा है। मन की सोच सुंदर हो तो संसार सुंदर लगता है। मन ही संसार है। प्रकृति का सनातन रहस्य है कि जैसा मन होता है, वैसा मनुष्य बन जाता है। मन तृप्त हो तो बूंद भी बरसात है, अन्यथा अतृप्त मन के आगे समंदर की भी क्या औकात! बदलते दौर में मन की कमियों से जीतने के लिए इंसान अप्राकृतिक सुखों का भ्रमवश सहारा तलाशता है। प्रकृति की गोद में बैठकर आत्मा टटोलने में लगेंगे तो सही राह तक पहुंच सकते हैं, पर भौतिक संसाधनों की ओर और ज्यादा झुकने से वास्तविक जीवन पटरी से उतरता प्रतीत होता है। यही पतन का सबसे मुख्य आधार है। इससे मनुष्य प्रकृति से दूर जा रहा है। नकली सुख अलगाव लाता है। किसी भी युग में भौतिकता से आनंद का कोई लेना-देना नहीं है। कृत्रिम आनंद के वजन से हम चाहे-अनचाहे दबते चले जाते हैं। यक्ष प्रश्न यह भी है कि अंतर्मन की सुनें या वास्तविक आनंद की? आनंद के लिए लोग जंगलों-पहाड़ों की तरफ दौड़ते हैं, पर वहां वे घर से भी अधिक बेतरतीब हो जाते हैं। कूड़ा-कचरा कूड़ेदान में डालना होता है, पर आनंद के नशे में वहीं जहां-तहां अपना कचरा छोड़ चलते बनते हैं। घर आने पर अल्पकाल में मन पहले की तरह ऊबड़-खाबड़ हो जाता है। गए थे तो प्रकृति की गोद में आनंद का बोध करने, पर वह अधूरा रहा। मन और मकान को समय-समय पर साफ करना बहुत जरूरी है, क्योंकि मकान में बेमतलब सामान और मन में बेमतलब गलतफहमियां भर जाती हैं।

मन को निर्मल रखना भी एक धर्म है। यह याद रखना चाहिए कि दुनिया तभी तक खूबसूरत है, जब तक प्रकृति सुरक्षित है। जुगनू तभी तक चमकता है, जब तक उड़ता है। यही हाल मन का है, जब हम रुक जाते हैं और खुद को खंगालते नहीं हैं तो अंधकार में पड़ जाते हैं। खुद की खुशी के लिए प्रकृति को नाखुश न रखें। चिकित्सक उपचार करते हैं और प्रकृति अच्छा करती है। प्रकृति मां से भी बड़ी होती है। प्रकृति अपना संतुलन खुद बनाती है और जो कार्य प्रकृति के करने का है, उसे मनुष्य हरगिज नहीं कर सकता। मनुष्य की जरूरतें पूरा करने के लिए प्रकृति के पास सब उपलब्ध है, पर उसके लालच के लिए कुछ नहीं।

ईश्वर अपनी सृष्टि को किसी अवस्था में जंजीर से बांधकर नहीं रखते, उसे नए-नए परिवर्तनों के बीच निरंतर नवीन करते हुए सजग रखते हैं। लोग आजमाते हैं, ‘परमात्मा’ है कि नहीं, पर उसने एक बार भी हमसे सबूत नहीं मांगा कि हम ‘इंसान’ हैं कि नहीं!

# जल संकटः सियासत से नहीं बुझेगी दिल्ली की प्यास

**सर्वोच्च न्यायालय ने टैंकर माफिया पर अंकुश लगाने में नाकाम रहने पर दिल्ली सरकार को कड़ी फटकार लगाई है और यह भी माना है कि इसी वजह से यह समस्या इतना विकराल रूप ले पाई है। अब जब हिमाचल साफ कह चुका है कि उसके पास दिल्ली को देने के लिए 136 क्यूसेक पानी नहीं है, शीर्ष अदालत ने यह कहते हुए दिल्ली को पानी देने का फैसला अपर रिवर यमुना बोर्ड पर छोड़ा है कि उसके पास जल बंटवारे के जटिल मुद्दे के समाधान की तकनीकी विशेषज्ञता नहीं है।**

वैसे तो मौसम की मार झेल रहे दिल्लीवासियों को हर साल भीषण गर्मी के दौरान पानी की भारी कमी से जूझना पड़ता है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से दिल्लीवासी पानी की भारी किल्लत का सामना कर रहे हैं। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी दिल्ली के जल संकट के लिए कभी दिल्ली के उपराज्यपाल को, तो कभी हरियाणा सरकार को दोषी ठहराती रहीं, तो वहीं उपराज्यपाल जल संकट के लिए पानी की चोरी और बर्बादी को मुख्य कारण बता रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने टैंकर माफिया पर अंकुश लगाने में नाकाम रहने पर दिल्ली सरकार को कड़ी फटकार लगाई है और यह भी माना है कि इसी वजह से यह समस्या इतना विकराल रूप ले पाई है। अब जब हिमाचल साफ कह चुका है कि उसके पास दिल्ली को देने के लिए 136 क्यूसेक पानी नहीं है, शीर्ष अदालत ने यह कहते हुए दिल्ली को पानी देने का फैसला अपर रिवर यमुना बोर्ड पर छोड़ा है कि उसके पास जल बंटवारे के जटिल मुद्दे के समाधान की तकनीकी विशेषज्ञता नहीं है। सवाल यह भी है कि जब हरियाणा द्वारा दिल्ली को पूरा पानी दिया जा रहा है, तो दिल्ली पानी की किल्लत क्यों झेल रही है। दिल्ली वाले पानी के लिए क्यों तरस रहे हैं, मारामारी करने पर क्यों उतारू हैं? असलियत में यह सिलसिला दिल्ली में आप की सरकार के अस्तित्व में आने के साथ से ही लगातार जारी है। दिल्ली को हरियाणा से कुल 1,050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए। एक से 22 मई तक हरियाणा मुनक नहर के कैरियर लाइन नहर यानी सीएलसी में 719 क्यूसेक और दिल्ली सब ब्रांच यानी डीएसबी नहर में 350 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। मतदान के दो से तीन दिन पहले इसे 91 क्यूसेक तक कम कर दिया गया। जहां तक मुनक नहर की मरम्मत और रख-रखाव का सवाल है, इसका ठीकरा दिल्ली सरकार पर फोड़ना नितांत गलत है, क्योंकि नहर की मरम्मत और उसके रख-रखाव का जिम्मा हरियाणा सरकार के सिंचाई विभाग का है। हकीकत में मुनक नहर से पानी बवाना लाया जाता है। बवाना से पहले यदि पानी की चोरी होती है, तो इसके लिए हरियाणा सरकार जिम्मेदार है। यह तो रही दूसरे राज्यों से पानी आने, न आने की बात। कम पानी आने से वजीराबाद जलाशय का स्तर सामान्य से पांच फीट नीचे आ जाना खतरे का संकेत है। दिल्ली में जगह-जगह लोगों के लिए लगाए गए वाटर एटीएम की बात करें, जिसके बारे में भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के बढ़-चढ़कर दावे किए जा रहे थे, तो हकीकत यह है कि वे खराब पड़े हैं। जहां तक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की बात है, तो हाल फिलहाल नौ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट अपनी क्षमता से ज्यादा काम कर रहे हैं। दिसंबर तक द्वारका में एक नया प्लांट बनकर तैयार हो जाएगा। लेकिन, असली समस्या तो पानी की मांग और उपलब्धता की है। दिल्ली में पानी की मांग 1,296 एमजीडी से 1,300 एमजीडी तक है, जबकि सप्लाई केवल 998.8 से 1,000 एमजीडी ही है। स्वाभाविक है 300 एमजीडी पानी की कमी तो बरकरार रहती ही है। जल संकट के मद्देनजर कुल 587 ट्यूबवेल लगाने की योजना थी। पहले चरण में इनमें से कुछ लगे भी, जिनसे 19 एमजीडी पानी मिल रहा है, जबकि दूसरे चरण में 2,590 ट्यूबवेल के लिए 1,800 करोड़ की राशि की दरकार थी, जिसकी अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। फिर दिल्ली सरकार के जल बोर्ड की क्षमता केवल 90 करोड़ गैलन पानी के ट्रीटमेंट की ही है। हकीकत यह है कि दिल्ली सरकार खुद ही पानी के ट्रीटमेंट और स्टोरेज पर पूरी तरह ध्यान नहीं दे पा रही है। ऐसे में दिल्ली सरकार दिल्लीवासियों की पानी की जरूरत कैसे पूरी कर पाएगी, यह समझ से परे है। जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार से पानी की बर्बादी रोकने के लिए योजना पेश करने का निर्देश दिया है। ऐसे में जब तकरीबन 40-50 साल पुरानी पाइप लाइन लीकेज और जगह-जगह फटने से हजारों गैलन पानी की बर्बादी रोजमर्रा की बात है, तो इनमें सुधार किए बिना आने वाले दिनों में दिल्ली वाले पानी के संकट से कैसे निजात पाएंगे, यह समझ से परे है। हिमाचल की मनाही और शीर्ष अदालत के अपर रिवर यमुना बोर्ड के पास जाने के लिए कहने के बाद देखने वाली बात है कि अब दिल्ली सरकार पानी के लिए क्या कदम उठाएगी।

# लालच की आग से आई कुवैत में त्रासदी, हजारों शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कोई सुनवाई

**मध्य पूर्व के इस देश में रोजगार की तलाश में गए 40 से अधिक भारतीय मजदूरों की मौत की घटना स्तब्ध करने वाली है। अग्निकांड के बाद भारत एवं कुवैत सरकार की तमाम एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं, लेकिन यह कतई नहीं भूलना चाहिए कि वहां मजदूरों की जीवन दशा बेहद खराब है और इस बारे में अक्सर सवाल उठते रहे हैं, जिन्हें अनसुना किया जाता रहा है। विदेश मंत्रालय के आंकड़े हैं कि खाड़ी देशों में स्थित भारतीय दूतावासों में मजदूरों की 48095 शिकायतें मिलीं, जिनमें सबसे ज्यादा कुवैत में ही 23020 शिकायतें प्राप्त हुईं। इन शिकायतों पर क्या कदम उठाए गए, इस बारे में तथ्य उपलब्ध नहीं हैं।**

कुवैत में कई बार दुर्व्यवहार और धोखाधड़ी के मामले आए हैं। शोषण की शिकायतें इतनी ज्यादा मिलने लगी हैं कि भारतीय दूतावास में एक शिकायत निपटान केंद्र खोलना पड़ा। कुवैत के मंगफ क्षेत्र में अग्निकांड के बाद खाड़ी देशों में काम कर रहे भारतीय मजदूरों की बदहाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मध्य पूर्व के इस देश में रोजगार की तलाश में गए 40 से अधिक भारतीय मजदूरों की मौत की घटना स्तब्ध करने वाली है। अग्निकांड के बाद भारत एवं कुवैत सरकार की तमाम एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं, लेकिन यह कतई नहीं भूलना चाहिए कि वहां मजदूरों की जीवन दशा बेहद खराब है और इस बारे में अक्सर सवाल उठते रहे हैं, जिन्हें अनसुना किया जाता रहा है। विदेश मंत्रालय के आंकड़े हैं कि खाड़ी देशों में स्थित भारतीय दूतावासों में मजदूरों की 48095 शिकायतें मिलीं, जिनमें सबसे ज्यादा कुवैत में ही 23020 शिकायतें प्राप्त हुईं। इन शिकायतों पर क्या कदम उठाए गए, इस बारे में तथ्य उपलब्ध नहीं हैं। यह साफ है कि कुवैत में मजदूरों के लिए हालात अच्छे नहीं हैं। वहां पर खराब स्थिति और कम संसाधनों के बीच उन्हें रहने को मजबूर किया जाता है। जबकि, कुवैत की अर्थव्यवस्था जो इस समय आगे बढ़ रही है, उसमें भारतीयों की भूमिका सबसे ज्यादा है। आरोप तो यहां तक लगते हैं कि कुवैत के स्थानीय लोग भारतीय मजदूरों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते। नियोक्ता तय वेतन से कम भुगतान करते हैं। सुविधाएं ना के बराबर हैं। एक-एक कमरे में 15 से 20 मजदूरों को ठूंस कर रखा जाता है। मंगफ क्षेत्र की जिस इमारत में आग लगी, उसकी सुरक्षा और सरकारी प्राधिकारों की अनुमति को लेकर भी सवाल उठे हैं। वहां जांच बिठा दी गई है। लेकिन अहम सवाल यह है कि व्यवस्था में सुधार को लेकर कोई पहल पहले क्यों नहीं दिखी। सवाल यह भी उठता है कि बदहाली के बावजूद कुवैत समेत खाड़ी देशों में मजदूरों की संख्या क्यों बढ़ रही है। एक रपट के मुताबिक, एक भारतीय मजदूर वहां चालीस से पचास हजार रुपए हर महीने कमा लेता है। जाहिर है, कुवैत में ज्यादा कमाई का लालच तो है ही। विदेश मंत्रालय के मुताबिक वर्ष 1990-91 के खाड़ी युद्ध में कुवैत में भारतीय समुदाय पर बड़ा प्रभाव पड़ा। भारतीयों का बड़े पैमाने पर पलायन हुआ। 1.7 लाख से ज्यादा भारतीयों ने देश छोड़ा।

लेकिन इसके बाद ज्यादा कमाई के लालच में वहां संख्या बढ़ी। साथ ही, वहां की कंपनियों का सस्ते श्रम का लालच भी बढ़ा। कुवैत में कई बार दुर्व्यवहार और धोखाधड़ी के मामले आए हैं। शोषण की शिकायतें इतनी ज्यादा मिलने लगी हैं कि भारतीय दूतावास में एक शिकायत निपटान केंद्र खोलना पड़ा। वहां अधिकतर मजदूर केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार से जाते हैं और उनके अनुभव आमतौर पर ठीक नहीं होते। मंगफ हादसे में मरे मजदूरों के बारे में ऐसी भी जानकारियां सामने आई हैं कि उनमें से कई को पर्यटक वीजा पर ले जाया गया। अब कुवैत सरकार ऐसे मजदूरों को अवैध मजदूर के तौर पर चिह्नित करने में जुटी है। पर्यटक वीजा पर भेजे गए मजदूरों का कोई रेकार्ड न तो दूतावास में होता है और न ही भारत सरकार के पास। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि भारत सरकार उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल का गठन करके अपनी ओर से भी जांच बिठाए।



# शाहिद अफरीदी अपनी धुआंधार बल्लेबाजी से मैच को पलटने का दम रखते थे - हरभजन सिंह

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी की तारीफ की है। हरभजन ने कहा है कि अफरीदी जब तक क्रिज पर रहते थे या जब तक बल्लेबाजी करने नहीं आते थे तब तक दूसरी टीमों के दिल में दहशत रहती थी। हरभजन सिंह ने साल 2007 में खेले गए पहले टी20 वर्ल्ड कप का उदाहरण दिया और बताया कि उस समय अफरीदी को लेकर टीम इंडिया क्या सोच रही थी।

हरभजन ने कहा कि अफरीदी अपनी धुआंधार बल्लेबाजी से मैच को पलटने का दम रखते थे। उन्होंने कहा कि अफरीदी अगर कुछ देर मैदान पर टिक जाएं तो वह कुछ ही गेंदों पर मैच का पासा पलट सकते थे। हरभजन इस समय अफरीदी के साथ टी20 वर्ल्ड कप 2024 में कमेंट्री कर रहे हैं।



**2007 को किया याद**

हरभजन ने कहा कि साल 2007 में टी20 वर्ल्ड कप के मैच में अफरीदी आउट हो गए थे तब टीम इंडिया ने राहत की सांस ली थी। उन्होंने कहा, ये मायने नहीं रखता कि वह कितनी देर विकेट पर टिके रहते हैं, लेकिन वो हमारी टीम मीटिंग का समय बढ़ा देते थे। मुझे साल 2007 में वर्ल्ड कप का मैच याद है। अगर अफरीदी बल्लेबाजी के लिए आने बाकी रहते थे तो दूसरी टीमों में दहशत रहती थी। अगर उन्होंने 10-15 गेंदें भी खेल लीं, तो उनमें वो काबिलियत है कि वह मैच को डीप ले जाएं।

हरभजन सिंह ने टी20 वर्ल्ड कप 2007 के फाइनल को याद करते हुए कहा, इरफान पठान और अफरीदी में कुछ बहस हुई। पहली बार जो अफरीदी ने खेली वो इरफान ने बाउंसर फेंकी और फिर कुछ कहा। अगली गेंद अफरीदी ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की और अपना विकेट खो दिया। जैसे ही वह आउट हुए। आधा काम हो गया था।

**2011 में भी हुआ था ऐसा**

हरभजन सिंह ने साल 2011 वनडे वर्ल्ड कप में खेले गए सेमीफाइनल मैच को भी याद किया। हरभजन ने कहा, 2011 वर्ल्ड कप में, पहली गेंद मैंने अफरीदी को यॉर्कर फेंकी। अगली गेंद उन्होंने छोड़ दी। मैं जानता था कि अब वह बड़ा शॉट खेलने की कोशिश करेंगे। वह बड़ा शॉट खेलने गए और आउट हो गए। वहां से हम जानते थे कि हम मैच नहीं हारेंगे। वो ऐसे खिलाड़ी थे जो कहीं से भी मैच जिता सकते थे।

# क्रिकेट के मैदान पर वापसी कर सकते हैं डिविलियर्स, पोलार्ड, ब्रॉड और ब्रावो

**नई दिल्ली।** क्रिकेट के चाहने वालों के लिए एक बड़ा अपडेट सामने आया है. हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने वाले ग्लोबल स्टार एबी डिविलियर्स, कीरन पोलार्ड, ड्वेन ब्रावो, डेविड मलान और स्टुअर्ट ब्रॉड जैसे दिग्गज एक बार फिर एक्शन में दिखाई दे सकते हैं. दरअसल, ये सभी खिलाड़ी इसी साल सितंबर में खेले जाने वाले लीजेंड्स लीग क्रिकेट के आगामी सीजन का हिस्सा हो सकते हैं। इसी साल सितंबर में खेले जाने वाले लीजेंड्स लीग के पांचवें सीजन में एबी डिविलियर्स, कीरन पोलार्ड, ड्वेन ब्रावो, डेविड मालन और स्टुअर्ट ब्रॉड जैसे हाल ही में संन्यास लेने वाले दिग्गज खेलते दिख सकते हैं. इस बार यह लीग भारत के अलावा कतर में भी खेली जाएगी. दरअसल, कुछ मैच भारत में होंगे, वहीं कुछ मैच कतर में खेले जाएंगे। लीजेंड्स लीग के पांचवें सीजन के लिए खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है. रिपोर्ट के



मुताबिक, दुनियाभर के हजारों खिलाड़ी इस बार इस लीग के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं. यानी इस बार कई नए चेहरे इस लीग में खेलते दिख सकते हैं. लीजेंड्स लीग के पिछले सीजन में 9 देशों के 120 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था. प्लेयर ड्राफ्ट के लिए रजिस्ट्रेशन विंडो लाइव होने के साथ लीग अब और भी ज्यादा खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए खुली है। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक रमन रहेजा ने कहा कि सुरेश रैना, इरफान पठान और आरोन फिंच जैसे सितारों के साथ, टूर्नामेंट निश्चित रूप से बहुत अधिक ध्यान आकर्षित कर रहा है।

उन्होंने अपने बयान में कहा, हम अपने फैंस के लिए और भी कई सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को लीग से जोड़ने की तैयारी कर रहे हैं. आरोन फिंच और सुरेश रैना जैसे शीर्ष खिलाड़ियों ने संन्यास के बाद हमारे साथ अपनी पहली सीरीज खेली. दुनिया भर से बढ़ती भागीदारी और सितारों से सजी लाइनअप के साथ, यह टूर्नामेंट बड़ा और बेहतर होता जा रहा है, जिसमें टीमें भारत और कतर के शहरों में खेल रही हैं. इससे हमारे प्रशंसकों को अपने पसंदीदा सितारों को लाइव देखने और अपने शहरों में विश्व स्तरीय क्रिकेट का अनुभव करने का मौका मिलता है।

# कोहली को टी20 वर्ल्ड कप के आने वाले मैचों में ओपनिंग नहीं करनी चाहिए - मौहम्मद कैफ

**नई दिल्ली।** विराट कोहली टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अभी तक ओपनिंग करते आए हैं। लेकिन तीन मैचों में कोहली का बल्ला बुरी तरह से फेल रहा है। विराट कोहली आईपीएल में बतौर ओपनर खेले थे और इसलिए उन्हें टी20 वर्ल्ड कप में बतौर ओपनर खिलाया जा रहा है। लेकिन लगातार तीन मैचों में फेल होने के बाद कोहली को ओपनिंग से हटाने की बातें हो रही हैं। भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि कोहली को टी20 वर्ल्ड कप के आने वाले मैचों में ओपनिंग नहीं करनी चाहिए।

अभी तक कोहली ने बतौर ओपनर टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पांच रन ही बनाए हैं। अमेरिका के खिलाफ तो वह गोल्डन डक का शिकार हुए थे। उन्हें यशस्वी जायसवाल की जगह ओपनिंग में जगह मिली है। लेकिन कोहली ने निराश किया है।



कैफ ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा कि कोहली को ओपनिंग नहीं अपने पुराने नंबर-3 पर खेलना चाहिए। कैफ से जब टी20 वर्ल्ड कप के आने वाले मैचों में टीम इंडिया में सुधार को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि कोहली को नंबर-3 पर खेलना चाहिए। कैफ ने कहा, विराट कोहली को नंबर-3 पर ही आना चाहिए। मैं इसलिए कह रहा हूं क्योंकि नंबर-3 पर उनके आंकड़े शानदार हैं। यहां पर गेंद सीम कर रही है और इसलिए नई गेंद से बल्लेबाजी करना आसान नहीं है। इसलिए मुझे लगता है कि कोहली को बाहर से बैठकर कुछ समय मिल जाएगा और वह स्थितियों को अच्छे से समझ सकेंगे।

कैफ ने कहा, उदाहरण के दौर पर देखें तो सौरव नेत्रावलकर गेंदबाजी कर रहे थे। कोहली ने इससे पहले उन्हें नहीं खेला था। पहली ही गेंद उन्होंने ड्राइव करने की कोशिश की और वह आउट हो गए। जब आप बाहर बैठते हैं तो, आप गेंदबाज को देखते हैं कि वह क्या कर रहे हैं। पिच कैसी खेल रही है और आप कैसी बल्लेबाजी कर सकते हैं।

**बदल गए हालात**

कैफ ने ये भी बताया कि आईपीएल में बतौर ओपनर धमाल मचाने वाले कोहली टी20 वर्ल्ड कप में फेल क्यों हो रहे हैं। कैफ ने कहा, मैं समझता हूं कि उन्होंने आईपीएल में ओपनिंग की थी, लेकिन वहां हालात अलग थे। वहां हाई स्कोरिंग मैच हो रहे थे और टीमें 200 रन आसानी से बना रही थीं। ओपनिंग करते हुए विराट कोहली 80-90 रन बना रहे थे। लेकिन यहां हालात बदले हैं। गेंद ज्यादा हिल रही है।

# अफगानिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में किया क्वालिफाई, न्यूजीलैंड बाहर

**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में अफगानिस्तान ने क्वालिफाई कर लिया है। टीम ने पापुआ न्यू गिनी को 7 विकेट से हराया। अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज ने ग्रुप में तीनों मुकाबले जीते। वहीं, न्यूजीलैंड को दो मुकाबले में हार मिली और टीम टूर्नामेंट की रेस से बाहर हो गई।

ब्रायन लारा एकेडमी स्टेडियम में शुक्रवार को अफगानिस्तान और पापुआ न्यू गिनी के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर अफगानिस्तान ने गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पापुआ न्यू गिनी ने 19.5 ओवर में 95 रन बनाए। फजलहक फारूकी ने 4 ओवर के स्पेल में 16 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं, 4 बल्लेबाज रन आउट हुए।



जवाब में गुलबदीन नाइब की 49 रन की ताबड़तोड़ पारी के चलते अफगानिस्तान ने 15.1 ओवर में 3 विकेट खोकर 96 रन का टारगेट चेज कर लिया। पापुआ न्यू गिनी के कीपर बल्लेबाज किपलिन डोरिगा 7वें स्थान पर बल्लेबाजी करने उतरे। उन्होंने पहले चाड सोपर के साथ पारी को संभालने की कोशिश की और 16 रन जोड़े। 10वें ओवर में चाड सोपर रनआउट हो गए। इसके बाद उन्होंने एली नाओ के साथ टीम की सबसे बड़ी 38 रन की साझेदारी की। डोरिगा ने 32 गेंदों में 27 रन बनाए।

पापुआ न्यू गिनी की इनिंग का तीसरा ओवर अफगानिस्तान के फजलहक फारूकी ने डाला। उन्होंने पहली ही गेंद पर लेगा सियाका का विकेट लिए। अगली ही गेंद पर उन्होंने सेसे बाउ को कीपर गुरबाज के हाथों कैच कराया। इसके बाद पापुआ न्यू गिनी की टीम को उभरने का मौका नहीं मिला। डोरिया और एली नाओ ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

## व्यापार

# मस्क के 3.7 लाख करोड़ पैकेज को शेयरहोल्डर्स की मंजूरी, बोले- मैं आप लोगों से प्यार करता हूं

**नई दिल्ली।** टेस्ला के शेयरहोल्डर्स ने सीईओ इलॉन मस्क के 45 बिलियन डॉलर (करीब 3.7 लाख करोड़ रुपए) के पैकेज को मंजूरी दे दी है। गुरुवार को वोट के रिजल्ट घोषित किए गए। बीते दिनों मस्क के इस पैकेज को कुछ शेयर होल्डर्स ने डेलावेयर कोर्ट में चैलेंज किया गया था।

पैकेज को शेयरहोल्डर्स की मंजूरी मिलने के बाद इलॉन मस्क काफी खुश दिखाई दिए। टेस्ला के हेडक्वार्टर में एनुअल मीटिंग के दौरान स्टेज पर आकर मस्क ने कहा- मैं बस यह कहकर शुरुआत करना चाहता हूं, अरे, मैं आप लोगों से प्यार करता हूं।



**मस्क को सपोर्ट करने वाले लोगों के लिए राहत**

मस्क को सपोर्ट करने वाले लोगों के लिए यह रिजल्ट राहत भरा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि उन्हें डर था कि अगर ये पैकेज रिजेक्ट होता है तो मस्क टेस्ला के मैनेजमेंट में कम समय बिताएंगे या यहां तक कि कंपनी छोड़ने का भी फैसला ले सकते हैं। एआरके इन्वेस्ट में इन्वेस्टमेंट एनालिसिस के डायरेक्टर ताशा कीनी ने कहा- मुझे लगता है कि मस्क का टॉप पर बना रहना जरूरी है।

वहीं यह फैसला उन निवेशकों के लिए एक झटका है जिन्हें उम्मीद थी कि मस्क का पैकेज रिजेक्ट होने से सीईओ की पेमेंट की लिमिट को लेकर एक मैसेज जाएगा। निया इम्पैक्ट कैपिटल के फाउंडर और चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर क्रिस्टिन हल ने कहा, अमेरिका में हमने जितना देखा है ये उससे अधिक वेतन पैकेज है और मुझे नहीं लगता कि यह एक अच्छी मिसाल कायम करता है।

# थोक महंगाई 15 महीनों के ऊपरी स्तर पर, मई में 2.61 प्रतिशत पर पहुंची, फरवरी 2023 में 3.85 प्रतिशत रही थी

**नई दिल्ली।** मई में थोक महंगाई बढ़कर 15 महीनों के ऊपरी स्तर पर पहुंच गई है। 14 जून को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार मई में थोक महंगाई बढ़कर 2.61 प्रतिशत पर पहुंच गई है। फरवरी 2023 में थोक महंगाई दर 3.85 प्रतिशत रही थी।

वहीं अप्रैल 2024 में महंगाई 1.26 प्रतिशत रही थी, जो 13 महीने का उच्चतम स्तर था। इससे एक महीने पहले मार्च 2024 में ये 0.53 प्रतिशत रही थी। फरवरी में थोक महंगाई 0.20 प्रतिशत रही थी। उधर, बुधवार को रिटेल महंगाई में गिरावट देखने को मिली थी।

इससे पहले कल यानी 12 जून को मई के रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी हुए थे। इसके अनुसार मई में रिटेल महंगाई 4.75 प्रतिशत रही। यह 12 महीने का निचला स्तर है। वहीं एक महीने पहले यानी अप्रैल में रिटेल महंगाई घटकर 4.83 प्रतिशत पर आ गई थी।



थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है, तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए डबलूपीआई को कंट्रोल कर सकती है।


जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। डबलूपीआई में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल, यानी खुदरा और दूसरी थोक महंगाई होती है। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स भी कहते हैं। वहीं, होलसेल प्राइस इंडेक्स का अर्थ उन कीमतों से होता है, जो थोक बाजार में एक कारोबारी दूसरे कारोबारी से वसूलता है।

महंगाई मापने के लिए अलग-अलग आइटम्स को शामिल किया जाता है। जैसे थोक महंगाई में मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 63.75 प्रतिशत, प्राइमरी आर्टिकल जैसे फूड 20.02 प्रतिशत और फ्यूल एंड पावर 14.23 प्रतिशत होती है। वहीं, रिटेल महंगाई में फूड और प्रोडक्ट की भागीदारी 45.86 प्रतिशत, हाउसिंग की 10.07 प्रतिशत और फ्यूल सहित अन्य आइटम्स की भी भागीदारी होती है।

# रिलायंस जियो को मिला अंतर्राष्ट्रीय 'सीडीपी क्लाइमेट' अवार्ड

नई दिल्ली। रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड ने वर्ष 2022-23 के लिए प्रतिष्ठित 'सीडीपी क्लाइमेट' अवार्ड हासिल किया है। कार्बन डिसक्लोजर प्रोजेक्ट (सीडीपी) ने जियो को जलवायु परिवर्तन को थामने और कार्बन फुटप्रिंट कम करने के प्रयासों के लिए ए रेटिंग दी है। 2019 के बाद यह पहला मौका है जब जियो को यह सम्मान मिला है। भारतीय दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल को बी रेटिंग दी गई है।




सीडीपी ए रेटिंग उन्हीं कंपनियों को देती है जो पर्यावरण के क्षेत्र में अग्रणी होती हैं। जियो के प्रवक्ता ने कहा, हमें गर्व है कि जलवायु परिवर्तन से जुड़ा दुनिया का सबसे बड़ा अवार्ड हम जीत पाए। कार्बन फुटप्रिंट कम करने में रिलायंस जियो की लीडरशिप के विजन और प्रतिबद्धता ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इसके अतिरिक्त, जियो को सीडीपी सप्लायर एंगेजमेंट में भी ए रेटिंग मिली है।

सीडीपी ने बताया कि ए रेटिंग पाने वाली कंपनियां जलवायु परिवर्तन के प्रति सबसे जागरूक और पारदर्शी होती हैं। यह रेटिंग पर्यावरण मानकों पर आधारित होती है, जिससे कंपनियों के बीच तुलनात्मक अध्ययन किया जा सकता है।

# एनएसई चीफ ने रिटेल इन्वेस्टर्स को किया आगाह,

नई दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के चीफ आशीषकुमार चौहान ने Futures & Options जैसे डेरिवेटिव्स सेगमेंट में ट्रेडिंग करने वाले रिटेल इन्वेस्टर्स को आगाह किया है। उन्होंने कहा कि इसमें सेगमेंट में पैसे डूबने की आशंका काफी ज्यादा रहती है। चौहान ने खुदरा निवेशकों को सुझाव दिया कि उन्हें म्यूचुअल फंड के जरिए इक्विटीज में निवेश करना चाहिए।

NSE चीफ ने जोर दिया कि फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस डेरिवेटिव्स में ट्रेडिंग करना अनुभवी और जानकार निवेशकों के बस की ही बात है। उन्हें मार्केट के उतार-चढ़ाव की समझ होती है और वे जोखिम कम करना भी जानते हैं। वहीं, रिटेल इन्वेस्टर्स जानकारी के अभाव में सही तरीके से ट्रेडिंग नहीं कर पाते और अपनी जमापूंजी लुटा बैठते हैं।

पिछले दिनों वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर वी अनंत नागेश्वर ने स्न×ह्र में रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए बढ़ते जोखिम पर चिंता जताई। इससे पहले नवंबर 2023 में सेबी चीफ माधबी पुरी बुच ने भी निवेशकों को F&O पर बड़ा दांव लगाने से सावधान किया था।

तमाम चिंताओं के बावजूद F&O सेगमेंट की लोकप्रियता दिन ब दिन बढ़ रही है, क्योंकि इसमें नुकसान के अत्यधिक जोखिम के साथ लाभ की संभावना भी अधिक रहता है। एफएंडओ सेगमेंट में मासिक कारोबार मार्च 2024 में 8,740 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जबकि मार्च 2019 में यह 217 लाख करोड़ रुपये था।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की स्टडी से पता चलता है कि इक्विटी F&O सेगमेंट में 89 प्रतिशत रिटेल ट्रेडर को नुकसान हुआ है। उनका औसत घाटा वित्त वर्ष 2022 में 1.1 लाख रुपये रहा। कोरोना महामारी के दौरान F&O ट्रेडर की तादाद में बड़ा उछाल आया। वित्त वर्ष 2019 में 7.1 रिटेल F&O ट्रेडर थे, जो अगले साल में बढ़कर 45 लाख से अधिक हो गए।

# पेन्ना सीमेंट को खरीद रही अंबुजा, शेयर 2.40 प्रतिशत चढ़ा, अभी 680 रुपए पर कारोबार कर रहा अंबुजा

**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रुप की अंबुजा सीमेंट पेन्ना सीमेंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड की 100 प्रशितात हिस्सेदारी खरीद रही है। इस खबर के बाद आज अंबुजा सीमेंट में 2 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी देखने को मिल रही है। सुबह 10:30 बजे अंबुजा सीमेंट का शेयर 2.40 प्रतिशत की तेजी के साथ 680 के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

अंबुजा सीमेंट ने कल यानी 13 जून को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में PCIL के अधिग्रहण के बारे में जानकारी दी थी। PCIL की पूरी हिस्सेदारी खरीदने के लिए कंपनी 10,422 करोड़ रुपए खर्च करेगी। अंबुजा सीमेंट ने बताया था कि PCIL का अधिग्रहण पूरा करने में 3 से 4 महीने का समय लगेगा।




जेफरीज ने अंबुजा सीमेंट्स के शेयर को बाय रेटिंग दी है, जिसका टारगेट प्राइस 735 रुपए प्रति शेयर बताया है। ब्रोकरेज ने कहा कि इस अधिग्रहण से अडाणी ग्रुप की सीमेंट कंपनी की स्थिति मजबूत होगी। जेफरीज का मानना है कि इस सौदे के साथ अंबुजा साउथ में अपनी उपस्थिति बढ़ाएगा।

अंबुजा सीमेंट के सीईओ और होल टाइम डायरेक्टर अजय कपूर ने कहा, यह ऐतिहासिक अधिग्रहण अंबुजा सीमेंट की तेज ग्रोथ जर्नी में एक जरूरी कदम है।

PCIL का अधिग्रहण करके अंबुजा सीमेंट साउथ इंडिया में अपने मार्केट की प्रेजेंस बढ़ाना चाहती है। इसके साथ ही कंपनी सीमेंट इंडस्ट्री में पैन-इंडिया लीडर के रूप में अपनी पोजिशन को मजबूत करने के लिए तैयार है।

अंबुजा सीमेंट ने कहा कि PCIL के मौजूदा डीलर्स जबरदस्त तालमेल लाने के लिए अडाणी सीमेंट के मार्केट नेटवर्क में शामिल हो जाएंगे।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से नहीं होगा कोई समझौता : मंत्री दिलीप जायसवाल

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाये। उन्होंने कहा कि सुशासन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसे सही स्वरूप में धरातल पर उतारना विभागों का लक्ष्य हो। उन्होंने कहा कि जनहितैषी कार्य को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। विभाग यह सुनिश्चित करें कि लोगों को सरकारी दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर न लगाना पड़े। विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो, हर स्तर पर त्वरित निर्णय लेकर कार्यों को समय-सीमा में पूरा किया जाए और कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हो। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए विकास कार्य और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर अधिकारी सजग रहे। कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल आज अनूपपुर जिले के नगर परिषद बिजुरी कार्यालय के सभागार में विधानसभा क्षेत्र कोतमा की निकायवार निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

**नागरिकों के संतुष्टि का ध्यान रखा जाए विशेष**

बैठक में कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र का विकास आदर्श स्वरूप में हो, यह सुनिश्चित करने के लिए जन-प्रतिनिधि और शासकीय अमला प्रभावी रूप से गतिविधियाँ संचालित करें। विकास गतिविधियों और जन-कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। विकास कार्यों में गुणवत्ता और जनता के संतुष्टि के स्तर का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यों से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण हो। अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि प्रति तीन माह में जन-प्रतिनिधियों विकास एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी अधिकारियों की बैठक अवश्य हो, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के निराकरण और समय-सीमा में उनकी पूर्णता के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि शासन की जनहितकारी योजनाओं के लाभ से कोई पात्र व्यक्ति वंचित न रहे।

**निर्माणाधीन कार्य गुणवत्तायुक्त समय सीमा में कराने के दिए निर्देश**

बैठक में मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने नगर पालिका परिषद कोतमा में कायाकल्प योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने नगर में नाली निर्माण कार्य, सड़क निर्माण कार्य, शेड निर्माण कार्य, पार्क निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन मकान, इत्यादि की विधिवत जानकारी प्राप्त की तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोतमा को निर्देशित किया कि सभी निर्माणाधीन कार्य पारदर्शिता के साथ गुणवत्तायुक्त समय सीमा में कराएं। इस दौरान कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने कोतमा में हो रहे सीसी रोड निर्माण कार्य की जानकारी प्राप्त की जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोतमा ने बताया कि पाइपलाइन कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण 15 दिवस सीसी रोड निर्माण कार्य लेट हुआ है जिस पर कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने सीसी रोड निर्माण कर जल्द से जल्द पूर्ण करने की निर्देश दिए। इसी प्रकार कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने नगर परिषद बिजुरी, बनगवॉ (राजनगर), डूमरकछार तथा डोला के चल रहे निर्माणाधीन पूर्ण, अपूर्ण, प्रस्तावित एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिए।

**ठेकेदार गुणवत्तायुक्त कार्य नहीं करते, तो उन्हें नहीं किया जाएं राशि का भुगतान**

बैठक में मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग (राज्य मंत्री) ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो ठेकेदार गुणवत्तायुक्त कार्य नहीं करते, उन्हें राशि का भुगतान नहीं किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए की ठेकेदार जो भी कार्य कर रहे हैं वहां संबंधित






**- जनहितैषी कार्यो को प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन करना हमारी प्राथमिकता**
**- समाज के अंतिम छोर में स्थित व्यक्ति को दिलाए शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ**
**- कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने विधानसभा क्षेत्र कोतमा के निकायवार निर्माण कार्यों का किया समीक्षा**

इंजीनियर उपस्थित रहे तथा कार्य की गुणवत्ता की मॉनिटरिंग करें। बैठक में मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने यह भी कहा कि वे स्वयं समय-समय में विभिन्न प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण करेंगे तथा कार्य के गुणवत्ता का जायजा लेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कोई भी ठेकेदार अगर कोई भी निर्माण कार्य आधा-अधूरा छोड़ कर चला गया है, उसका लिस्ट एवं फाइल तैयार कर प्रस्तुत करें तथा उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि निर्माण हो चुके कार्यों का भौतिक सत्यापन अवश्य कराया जाए।

**अवैध अतिक्रमण को हटाने के दिए निर्देश**

बैठक में मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने नगर पालिका क्षेत्र में शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा एवं दुकानदारों द्वारा सड़क में किए गए अतिक्रमण की जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी से प्राप्त किया तथा निर्देशित किया कि जो व्यक्ति गरीब एवं असहाय है, उन्हें शासन से जारी मापदंडों के अनुसार जीवन निर्वहन हेतु जरूरत की प्रदान किया जाए तथा जो लोग शासकीय जमीन एवं सड़क पर अवैध कब्जा किए हैं उन्हें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पुलिस तथा अन्य संबंधित अधिकारी मिलकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**नगरों में होने वाले कार्यों को बेहतर प्लानिंग के साथ करने के निर्देश**

बैठक में कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से नगर पालिका क्षेत्र में आगामी कार्यों की प्लानिंग के संबंध में चर्चा की। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को आगामी दिनों में नगर पालिका क्षेत्र में किए जाने वाले निर्माण कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। जिस पर कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरों में होने वाले कार्यों को बेहतर प्लानिंग के साथ करें, जिससे नगर पालिका क्षेत्र में बेहतर तरीके से कार्य हो सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में ऐसे कार्य किए जाएं, जिससे लोग संतुष्ट होकर कार्यों की सराहना करें। बैठक कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से वर्षा के पूर्व किए गए तैयारी की जानकारी प्राप्त की। जिस पर नगर पालिका अधिकारी ने नगर पालिका क्षेत्र में वर्षा के पूर्व नाली निर्माण कार्य, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, सड़कों की मरम्मत, सड़कों के अतिक्रमण पर आवश्यक कार्यवाही, रोड निर्माण कार्य सहित अन्य विभिन्न कार्यों की जानकारी प्रदान की।

**कैंप लगाकर पात्र हितग्राही को जनहितकारी योजनाओं का दिलाएं लाभ**

बैठक में मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री ने इंदिरा गांधी पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, सुरक्षा पेंशन योजना, निःशक्तजन पेंशन योजना, शिक्षा प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री कल्याण योजना, लाडली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, पात्रता पर्ची में नाम जुड़वाने सहित अन्य विभिन्न योजनाओं की समीक्षा किया। इस दौरान नगर पालिका अधिकारियों ने लाभांवित हितग्राहियों के संबंध में कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री को जानकारी प्रदान किया। इस दौरान बैठक में कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर पालिका क्षेत्र में सप्ताह में एक दिन विशेष कैंप का आयोजन किया जाए। जिसमें शासन के जनहित कार्य योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राही को दिलाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि कैंप का प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया सहित अन्य विभिन्न माध्यमों से बेहतर प्रचार प्रसार करना भी अधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को शासन के जनहित कार्य योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए, यह शासन की प्राथमिकता में शामिल है।

**जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत करें वृहद पौधरोपण**

बैठक में मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों में किए गए जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार, गहरीकरण एवं साफ सफाई कार्य की निकायवार मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री अधिकारियों को बृहद रूप से पौधरोपण हेतु स्थान चिन्हित कर पौधरोपण करने की निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण से ज्यादा जरूरी है, वृक्षों का बचाव इस हेतु भी अधिकारी विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि जब तक वृक्ष बड़े नहीं हो जाते उनके संरक्षण पर भी ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण में छायादार एवं हलदर पौधों का रोपण किया जाए। उन्होंने आंवला, आम, नीम, बरगद, जामुन इत्यादि के पेड़ तालाबों के किनारे, सड़क के किनारे, कार्यालय परिसर, ग्राम पंचायत कार्यालय, विद्यालय परिसर, आंगनबाड़ी परिसर सहित अन्य विभिन्न स्थानों में पौधारोपण करने की निर्देश दिए। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष कोतमा अजय सराफ, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा अजीत तिर्की, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिजुरी पवन साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोतमा प्रदीप झरिया, मुख्य नगर पालिका बनगवां, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डूमर कछार एवं डोला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# आओ गंगा नहाएं हम और आप भी

राजनीति से हटकर आइये आज गंगा की बात करते हैं। गंगा हमारे लिए केवल एक नदी नहीं है बल्कि संस्कृति का एक जीवंत प्रतीक है। हम गंगा का पुत्र होने में अपने आपको गौरवान्वित महसूस करते हैं। गंगा की सौगंध खाते हैं,अपनी सच्चाई को प्रमाणित करने के लिए गंगाजल उठाते हैु। पाप निवारण के लिए गंगा स्नान करते हैं। और जब कोई ब1ा काम सम्पन्न करने में कामयाब हो जाते हैं तो राहत की सांस लेते हुए कहते हैं - 'चलिए हमने तो गंगा नहा ली।'

गंगा के बारे में हर भारतीय जानता है। पूरब का हो, चाहे पश्चिम का,उत्तर का हो या दक्षिण का, सबके लिए गंगा का महत्व है। ये बात अलग है कि सबकी गंगा अलग-अलग है। गंगा दरअसल प्रयाग या हरिद्वार में ही नहीं बहती,बल्कि हर व्यक्ति के मन में बहती है। समस्या ये है कि इन तमाम गंगाओं का मिलन होना सुनिश्चित नहीं है। आपने राजकपूर की फिल्म 'संगम' तो देखी ही होगी। इस फिल्म का शीर्षक गीत है ये सवाल खड़े करता है कि 'तेरे मन की और मेरे मन की गंगा का मिलन होगा या नहीं ?' गीतकार शैलेन्द्र ने जब ये गीत लिखा और शंकर -जयकिशन ने इसे संगीतबद्ध कर मुकेश से गवाया था तब ये सोचा भी न होगा कि गंगा एक समय में 'यक्ष -प्रश्न बन जाएगी और कोई भी इस सवाल का जबाब नहीं दे पायेगा कि हमारे-आपके मन की गंगा का मिलन आज की सियासत होने देगी या नहीं ?'

ईश्वर के वजूद को लेकर अक्सर मेरे मन में प्रश्न रहते हैं किन्तु गंगा को लेकर मेरे मन में कभी कोई दुविधा नहीं रही। मैंने जब से होश सम्हाला है गंगा को विभिन्न रूपों में देखा है। गंगा के प्रति अपने पूर्वजों के मन में अगाध शृद्धा देखी है। हम भारतीयों में से बहुत से आज भी किसी कानून से, किसी अदालत से भले ही न डरते हों लेकिन गंगा से डरते हैं। उनका डर सम्मान की वजह से है। हर भारतीय आज भी गंगा को पाप-नाशिनी मानता है। पतित-पावन मानता है। और ये मान्यता कोई एक दिन में या 2014 के बाद नहीं बनी। ये सदियों,युगों और कल्पों के बाद बनी है। हर भारतीय के घर में गंगा मौजूद मिलेगी। शीशी में, कंटेनर में। आखिरी वक्त में सभी को मोक्ष पाने के लिए गंगाजल की दरकार होती है, भले ही उसने जीवन में कभी गंगा स्नान किया हो या न किया हो।

भगवान शिव को किसी ने नहीं देखा, भगीरथ को किसी ने नहीं देखा लेकिन गंगा को सबने देखा है। सबको गंगावतरण की पौराणिक कथा का ज्ञान है। सब मानते हैं कि यदि रघुवंशी भगीरथ हठ न करते तो गंगा भूलोक में शायद न आती। शिव यदि गंगा को



अपनी जटाओं में धारण करने का साहस न दिखाते तो गंगा धरती पर या तो आती ही नहीं और यदि आ भी जाती तो समूची सृष्टि को अपने आवेग के साथ बहा ले जाती। गंगा दुनिया कि किसी दूसरे देश में नहीं है। अमेरिका में नहीं, चीन में नहीं, जापान में नहीं, रूस में नहीं। गंगा सिर्फ भारत में है और हम शान से गर्व से कहते हैं कि -'हम उस देश कि वासी हैं जिस देश में गंगा बहती है। यानि गंगा हमारा आइडेंटिटी कार्ड है, परिचय पत्र है। दुनिया में शायद ही कोई ऐसा देश हो जहाँ कि नागरिक अपने परिचय कि तौर पर अपने देश की किसी नदी का इस्तेमाल करते हैं।'

चूंकि 16 जून को गंगा दशहरा है, इसलिए मै आपके सामने गंगा -पुराण लेकर बैठ गया। वरना किसे फुरसत है गंगा पर बात करने की। गंगा को लेकर हम आम भारतीय ही नहीं बल्कि हमारी सरकारें भी बहुत संवेदनशील दिखाई देतीं हैं लेकिन असल में होती नहीं हैं। वे दुनिया कि पाप धोने वाली गंगा कि शुद्धिकरण और उसके पुनर्जीवन कि लिए 'नमामि गंगे' प्रोजेक्ट तो बना लेते हैं किन्तु उसे भी सियासत के रंग में रंग देते है। भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा देते हैं। भारत कि भाग्यविधाता चूंकि खुद को गंगा पुत्र कहते हैं इसलिए देश में नमामि गंगे प्रोजेक्ट को उनका दिव्यस्वप्न माना जाता है। भाग्यविधाता को गंगा ने तीसरा अवसर दे दिया लेकिन इस प्रोजेक्ट को आज तक पूरा नहीं किया जा सका मुमकिन है कोई मजबूरी रही हो। इस परियोजना पर हम भी बात नहीं करना चाहते, अन्यथा कहा जाएगा की हम फिर सियासत पर आ गए!

हम और आप साधारण इंसान हैं इसलिए हम और आप ऐसी कोई बात नहीं कर सकते जो असाधारण हो। असाधारण बात करने का हक असाधारण लोगों को ही है। बल्कि असाधारण बातें आजकल केवल अविनाशी लोगों का एकाधिकार माना जाता है। साधारण बात ये है कि हम गंगा को पूजते हैं लेकिन उसकी फिक्र नहीं करते। हमें गंगा कि प्रति फिक्रमंद होने कि लिए उन देशों से सीखना होगा जिनके पास गंगा तो नहीं है लेकिन उनकी नदियाँ गंगा से सौ गुना ज्यादा स्वच्छ हैं। विदेशी अपनी नदियों कि लिए किसी सरकार पर निर्भर नहीं होते। वे ये कामखुद करते हैं, लेकिन हम ये सब नहीं करते। हम गंगा दशहरे पर गंगा को पूजेंगे, उसकी आरती उतारेंगे, दान-पुण्य करेंगे लेकिन उसकी कोख को गंदगी से भर आएंगे।

हमारी नब्बे साल की दादी फूलकुंवर अनपढ़ थीं लेकिन जानतीं थीं कि ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर गंगा दशहरा मनाया जाता है। इस दिन गंगा जी की पूजा, गंगाजल से स्नान जरुर करना चाहिए। मान्यता है इससे व्यक्ति के कई जन्मों के पाप धुल जाते है। वे गांव के पास बहने वाली बेतवा को ही गंगा मानकर उसमें डुबकी लगा लेतीं थी। उनके मायके कि पास भी गंगा नहीं थी, वहां जमुना थी । वे उसे भी गंगा मानतीं थीं। हमारे पास भी गंगा नहीं बल्कि चंबल है। हम चंबल को ही अपनी गंगा मानते हैं। गंगा को बचाने का मतलब हर नदी को बचाने से होना चाहिए तब तो गंगा को पूजने का, उसमें नहाने का कोई अर्थ सार्थक हो सकता है।

हमने संविधान, भाईचारा, मंगलसूत्र, मुजरा, आरक्षण आदि मुद्दों पर हाल ही में चुनाव देखा है। हमारे राजनितिक दलों और नेताओं ने तो चुनाव कराकर गंगा नहा ली, लेकिन गंगा का जिक्र एक बार भी नहीं किया। कोई सत्ता पक्ष में पहुँच गया तो कोई प्रतिपक्ष में। जो कहीं नहीं पहुंचा वो निर्दलीय है, जहाँ ज्यादा चारा मिलेगा, वहां पहुँच जायेगा। लेकिन आप तो अपनी सोचिये। अपनी गंगा की सोचिये। आप गंगा दशहरा के दिन तुलसी के पत्तों को गंगाजल से धोकर, फिर इन्हें एक लाल कपड़े में बाधकर तिजोरी में रखकर अपनी दरिद्रता दूर करने और घर में लक्ष्मी रोकने कि फेर में न पड़ें। तुलसी में जल अर्पित कर श्री तुलसी स्तोत्रम् का पाठ करें या न करें, इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला गंगा की सेहत पर।

अंत में भले ही गंगा जू माँ गंगा धरती पर सागर के 60 हजार पुत्रों को मोक्ष देने के लिए आई थी, लेकिन वे देश कि करोड़ों हिन्दू-मुसलमानों को मोक्ष दिला सकतीं है। शर्त एक ही है कि आप देश की गंगा-जमुनी संस्कृति के खिलाफ खड़े लोगों को पहचानकर उनके खिलाफ खड़े हो जाएँ। आपका गंगा स्नान हुआ मान लिया जाएगा। आपकी गंगा दशहरे की पूजा को गंगा जी स्वीकार कर लेंगी। गंगा ने आजतक हिंदू-मुसलमान नहीं किया। तब भी जब मुगलों ने उसका नाम अल्लाहाबाद रख दिया था और आज भी जब उसे दोबारा प्रयाग कहा जाने लगा है। शुभकामनाओं सहित।

**राकेश अचल**
**achalrakesh1959@gmail.com**

# दतिया वाले स्वामी जी महाराज की धौलपुर के लोगों पर असीम कृपा : दुर्गादत्त शास्त्री

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**धौलपुर।** 14 जून को पीतांबरा भक्त मंडल धौलपुर द्वारा दतिया वाले स्वामी जी महाराज की पुण्यतिथि भार्गव मैरिज होम में बहुत ही धूमधाम से मनाई। कार्यक्रम को हरिओम शास्त्री द्वारा विधि विधान पूर्वक मंत्र उच्चारण सहित स्वामी जी महाराज एवं पीतांबरा माई का पूजन कराया। सभी ने स्वामी जी महाराज को चंदन, तिलक लगाकर पुष्प अर्पित किए। हरिओम शास्त्री द्वारा बगलामुखी चालीसा, स्वामीअष्टक, बगलासहस्त्रनाम स्त्रोत का पाठ किया हवन किया एवं बगलामुखी मैया की महा आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों भक्तों ने भंडारे में प्रसादी प्राप्त की। कार्यक्रम में धौलपुर के गणमान्य नागरिक श्रवण कुमार वर्मा, मोनू जादौन, हर प्रकाश शर्मा, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय सिंह, डॉ. जनार्दन सिंह, दामोदर लाल मीणा, प्रशांत हुन्डावाल, जयवीर पोसवाल, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान धौलपुर के वरिष्ठ नेता दुर्गादत्त शास्त्री ने बताया कि जिनकी स्वामी जी महाराज से अधिक निकटता थी, और कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि धौलपुर का स्वामी जी महाराज से विशेष लगाव रहा है। स्वामी जी महाराज के अनेक भक्त आज भी धौलपुर में उपलब्ध हैं। धौलपुर के लोगों पर पीतांबरा माई और स्वामी जी महाराज की असीम कृपा है, एवं स्वामी जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पीतांबरा भक्त मंडल के चंद्रकांत सक्सेना, अश्वनी श्रीवास्तव, एडवोकेट राज बहादुर सिंह सिसोदिया, कमलजीत सिंह, मुकेश सक्सेना, कल्चुरी समाज के अध्यक्ष रवि शिवहरे, प्रहलाद सिंह महावर, डॉ. विनोद, लोकेंद्र सिंह, केदार सिंह, बाबू बंसल अजय राठौर, सचिन जादौन, मोहित अग्रवाल, रवि शिवहरे बाबा, रामकुमार दुबे, दयाकांत सक्सेना, मनीष श्रीवास्तव, नर्मदा शर्मा, अजीत पहाड़िया, रामू यादव, अविनाश शास्त्री, रामू गर्ग, दाऊदयाल सिंघल, रितेश मित्तल, कल्पना शर्मा, कमलेश सेन, उमा सिंह, शिवांग कांत सक्सेना, सुषमा त्यागी आदि भक्तगण उपस्थित रहे।








पतली करके दाल खाइएगा भक्तों
रघुपति राजा राम गाइएगा भक्तों
मुजरा भी करना होगा तैयार रहो
कठपुतली को खुद नचाइएगा भक्तों
मंहगाई बढ़ती है तो बढ जाने दो
शोर जरा भी मत मचाइएगा भक्तों
मजदूरी मिलना मुहाल हो जाएगा
राज किसी को मत बताइएगा भक्तों
मर्यादा से बंधे हुए हैं रघुनंदन
उनको फिर से मत जगाइएगा भक्तों
जो है सब ऊपर वाले का हासिल है
अपना हक तो मत जताइएगा भक्तों
मुश्किल से जोड़ा है भारत बच्चों ने
टुकड़े- टुकड़े मत कराइएगा भक्तों






# फादर्स डे के अवसर पर, सोनी सब कलाकारों ने अपने पिता को सुपरहीरो बताया

फादर्स डे के अवसर पर, सोनी सब के प्रिय सितारे अपने पिता के प्रति गहरा स्नेह और सम्मान व्यक्त कर रहे हैं। वे अपने बचपन की यादों से लेकर जीवन के मूल्यवान सीख तक, उनके पिता के साथ विशेष बंधन को उजागर करने वाले महत्वपूर्ण उद्धरण साझा कर रहे हैं।

सोनी सब के 'ध्रुव तारा' में तारा की भूमिका निभाने वाली रिया शर्मा ने कहा, 'सबसे अविश्वसनीय पिता को हैप्पी फादर्स डे! उनका प्यार, मार्गदर्शन और अटूट समर्थन मेरी यात्रा की नींव रहा है। अनगिनत ऑडिशन से लेकर देर तक- रात की रिहर्सल, वह मेरा सबसे बड़े चीयरलीडर और मेरे रॉक रहे है। मेरे सपनों पर विश्वास करने और मुझे हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रेरित करने के लिए धन्यवाद। उसके बिना मैं आज जहां हूं, वह नहीं होती। मैं उनसे कितना प्यार करती हूँ वो मैं शब्दों में नहीं बता सकती। वह इस दुनिया में सबसे अच्छे पिता हैं।'

सोनी सब के 'वंशज' में नील की भूमिका निभाने वाली मोहित कुमार ने कहा, 'पिता एक वही शख्स है, जो हमेशा हमारे साथ होते हैं, हमें साथ चलने की साथ देते हैं और हमें सही राह दिखाते हैं। मेरे पिता मेरे लिए एक सहारा हैं, जिन्होंने हमेशा मेरे सपनों का साथ दिया है। आपके बिना मेरी ज़िंदगी अधूरी होती। पिता दिवस की शुभकामनाएं!'

# 20 हैंडपम्पो की मरम्मत कर चालू किये गये

**श्योपुर,** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड द्वारा ग्रीष्मकाल में पेयजल की उपलब्धता के संबंध में दिये गये निर्देशो के तहत आज पीएचई द्वारा जिले में 20 स्थानो पर हैंडपम्पो की मरम्मत कर चालू किया गया है, वही पेयजल आपूर्ति के लिए कराहल विकासखण्ड के ग्राम सलापुरा की गुर्जर बस्ती में नवीन नलकूप खनन कराया गया है। इसके अलावा श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम ढोटी के माता जी मंदिर के पास, खिरनी की हरिजन बस्ती में तथा कराहल विकासखण्ड अतंर्गत ग्राम बगवाज के हीरामन सहराने में और खिरखिरी में काली माता मंदिर के पास सिंगल फेस मोटरपम्प स्थापित किये गये है।

# गायत्री मंदिरों में गायत्री जयंती गंगा दशहरा धूमधाम से मानेगा

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**ग्वालियर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार ग्वालियर के गायत्री चेतना केंद्र पिंटू पार्क मुरार में एवं गायत्री प्रज्ञापीठ कंपू में 16 जून को गायत्री जयंती गंगा दशहरा धूमधाम से मनाया जाएगा। गायत्री चेतना केंद्र पिंटू पार्क में 15 जून 24 को प्रातःकाल 6:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक गायत्री महामंत्र अखंड जाप एवं 16 जून को प्रातःकाल 7:00 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो स्थानीय कॉलोनी में घूमकर गायत्री महामंत्र का उद्घोष किया जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी लाल बहादुर सिंह ने दी है। सिंह ने बताया कि 16 जून प्रातः 8:00 बजे गायत्री चेतना केंद्र पिंटो पार्क मुरार में प्रातः 8:00 बजे पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ होगा। इसके बाद वृक्षारोपण का भी कार्यक्रम निर्धारित है। प्रज्ञापीठ कंपू में भी गायत्री महामंत्र का अखंड जाप एवं गायत्री जयंती गंगा दशहरा धूमधाम से मनाया जाएगा तथा गायत्री यज्ञ भी सम्पन्न होगा।



# डेढ़ साल पुराने अंधे कत्ल का खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार

## माताबसैया क्षेत्र में 1 नवंबर को कुतवार डैम के पास मिला था शव

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** मताबसैया पुलिस ने करीब डेढ़ साल पुराने एक महिला के अंधे कत्ल के मामले का शुक्रवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने हत्या को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार महिला की हत्या अवैध संबंधों के चलते की गई थी।



अंधे कत्ल का पर्दाफाश शुक्रवार को प्रेसवार्ता में एएसपी डॉ. अरविंद ठाकुर, डीएसपी हैडक्वार्टर विजय भदौरिया, माताबसैया थाना प्रभारी जयपाल सिंह गुर्जर ने किया। उन्होंने बताया कि 1 नवंबर 2022 को पुलिस ने कुतवार डैम के पास से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया था। पुलिस ने शव के पोस्टमार्टम के बाद अज्ञात बदमाश के विरुद्ध धारा-302 का मामला दर्ज किया था। आरोपी की गिरफ्तारी पर पांच हजार का ईनाम भी घोषित था। विवेचना के दौरान मृतिका की शिनाख्त सीमा खान 28 पत्नी अनवर खान निवासी स्टोन पार्क के पास पुरानी छावनी ग्वालियर के रूप में हुई। मृतिका सीमा की मां करीमन खान, भाई वकील ने बताया कि सीमा खान अपने पति को छोड़कर एक अन्य व्यक्ति हामिद उर्फ मुन्ना 48 पुत्र मजहर अली के साथ रहने लगी थी। परिजन ने हामिद पर हत्या किए जाने का संदेह जाहिर किया। पुलिस ने जब हामिद के घर स्टोन पार्क ग्वालियर पर तलाश की, तो आसपड़ौस के लोगों ने वहां न रहने की बात की। 13 जून को मुखबिर ने बताया कि हामिद इन दिनों मुरैना में सविता का पुरा स्थित श्रीराम कॉलोनी में किराए से रह रहा है। पुलिस ने श्रीराम कॉलोनी से हामिद को दबोच लिया। पूछताछ में हामिद ने सीमा की हत्या अपनी पत्नी शबनम बानो (40) और पुत्र इमरान (22) के साथ मिलकर किया जाना कुबूल किया। पुलिस ने शबनम और इमरान को भी दबोच लिया।

### शादी करने को सीमा बना रही थी दबाव, इसलिए कर दी हत्या

मृतिका सीमा से हामिद के अवैध संबंध थे। सीमा लगातार हामिद पर शादी करने का दबाब बना रही थी। जिसे लेकर हामिद ने कई बार उसकी मारपीट की थी। 31 अक्टूबर 2022 को सीमा हामिद के घर पहुंच गई, जहां सीमा ने हामिद को उसकी पत्नी, पुत्र और मौहल्ले के लोगों के सामने गालियां दीं और चप्पलों से पीटा। बदनामी का बदला लेने हामिद ने पत्नी-पुत्र के साथ मिलकर प्लान बनाया। हामिद सीमा को अपने साथ कुतवार डैम ले गया। जहां उसने पत्नी शबनम और पुत्र इमरान को भी बुला लिया। जिसके बाद तीनों ने दुपट्टे से गला घोंटकर सीमा की हत्या की और लाश को झाड़ियों में फेंककर भाग निकले।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का 16 जून को रेलवे स्टेशन पर होगा स्वागत

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** केंद्रीय कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान



16 जून, रविवार को शताब्दी एक्सप्रेस से दिल्ली से भोपाल जाएंगे। कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह भदौरिया ने बताया कि मोदी 3.0 मंत्रिमंडल में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को केंद्रीय कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री बनाए जाने के बाद प्रथम मध्य प्रदेश आगमन पर सर्वप्रथम मुरैना रेलवे स्टेशन पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. योगेश पाल गुप्ता के नेतृत्व में जिले के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्रीय मंत्री चौहान की अगवानी कर भव्य स्वागत किया जाएगा।

इस अवसर पर सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, भाजपा समर्पित जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, नगर निगम महापौर, पार्षद, कृषि मंडी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य सहित भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

# जेसीआई मुरैना जाग्रति की प्रेरणा से 10 लोगों ने किया रक्तदान






## विश्व रक्तदान दिवस पर जिला अस्पताल की ब्लड बैंक में किया कैंप का आयोजन

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रहने वाले संस्था जेसीआई मुरैना जागृति ने 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस के शुभ अवसर पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन जिला चिकित्सालय मुरैना में किया। जिसमें 10 लोगों ने रक्तदान किया। जेसीआई की अध्यक्ष ललिता गोयल ने रक्तदान के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि मानव शरीर में रक्तदान के रूप में किए गए रक्त की पूर्ति 24 घंटे में और कोशिकीय भाग की पूर्ति एक या दो माह के अंदर पूरा कर लेती है, इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

पास्ट प्रेसिडेंट भारती मोदी ने कहा कि आज पांचवीं बार रक्तदान करके बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। उन्होंने बताया रक्तदान का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है, ताकि आप इस महादान के फायदे को समझ सके और दूसरों का जीवन बचाने में अपनी भूमिका निभा सके। रक्तदान सिर्फ किसी की जान ही नहीं बचाता, बल्कि कैंसर और हार्ट अटैक की आशंका को भी कम करता है, शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा घटती है शरीर को कई तरह की बीमारियों से बचाता है। आज जेसी भारती मोदी, श्रेयांश गोयल, सुधांशु गोयल और अभिनव सिंघल ने मुख्य रूप से रक्तदान किया। अध्यक्ष ललिता गोयल, कोषाध्यक्ष अंजना गर्ग एवं अन्य जेसीआई मेंबर उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण हेतु अजाक्स द्वारा दिलाई गई शपथ

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स मुरैना द्वारा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन व जिला ईकाई के मार्गदर्शन में अजाक्स तहसील इकाई जौरा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस से चलाए जा रहे पर्यावरण पखवाड़े के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोरा पर हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य केंद्र के पूर्व बीएमओ डॉ. हिमांशु शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। इनके अलावा अजाक्स तहसील जौरा की अध्यक्ष श्रीमती मीना कुमारी एवं डॉ. कुशवेंद्र



सिंह सिकरवार, डॉ. राजकुमार शाक्य, डॉ. किरन शाक्य, डॉ. हरिओम मीणा, एसटीएस दिनेश पचौरी, एसटीएलएस रणवीर गोयल, आईसीटीसी के परामर्शदाता संदीप सेंगर, मनीकांत शर्मा, लेव टेक्नीशियन लक्ष्मीनारायण अम्ब, वीरेंद्र सिंह, टीवीएचवी रघुराज शर्मा, फार्मासिस्ट रिंकू सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, एएनएम लाली कुशवाह, किरन शाक्य के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के दौलत खान, बीरू सिंह, हरवीर अर्गल, सोनू मोर्य, अमित मोर्य आदि लोग के द्वारा हस्ताक्षर कर पर्यावरण बचाने एवं धरती को हरा-भरा रखने हेतु वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया गया।

# रोजगार मेले में 197 लोगों का हुआ चयन

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देश पर जिला रोजगार कार्यालय मुरैना में गत दिवस 9 कंपनियों ने अभ्यर्थियों का चयन किया। जिसमें 197 लोगों को विभिन्न कंपनियों ने चयन किया है।

जिनमें एक्सिस बैंक ने 24, पुखराज हेल्थ केयर ने 24, वेस्टर्न रेफ्रिजरेशन गुजरात ने 29, विराट वायो अहमदाबाद ने 23, शिवशक्ति एग्रीटेक ने 16, एलआईसी ने 25, एसबीआई ने 25, मोरली टेलप्रेस पूना ने 25 और सैफाली ने 06 अभ्यर्थियों का चयन किया है।

# शक्तिशाली मन ही जीवन की सफलताओं का रहस्य है: नवनीत पचौरी

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना/अम्बाह।** मन और विचार की शक्ति अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मनुष्य का मन उसके संज्ञानात्मक, भावनात्मक और व्यवहारिक प्रक्रियाओं का केंद्र होता है, जिसमें विचार, धारणाएं और विश्वास शामिल होते हैं। सकारात्मक विचार और मानसिक दृष्टिकोण न केवल मानसिक स्वास्थ्य को सुधार सकते हैं बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। मानसिक शक्ति आत्म-नियंत्रण, एकाग्रता और तनाव प्रबंधन में सहायक होती है, जिससे व्यक्ति जीवन की चुनौतियों का सामना अधिक प्रभावी ढंग से कर सकता है। इसके विपरीत, नकारात्मक विचार मानसिक तनाव और अवसाद का कारण बन सकते हैं। अतः, मन और विचार की शक्ति जीवन के विभिन्न पहलुओं पर गहरा प्रभाव डालती है।




उक्त उद्बोधन ग्वालियर से आए मनोवैज्ञानिक सलाहकार नवनीत पचौरी ने मुख्य वक्ता के रूप में पीजी कॉलेज अम्बाह के हिन्दी विभाग में आयोजित संगोष्ठी में स्नातकोत्तर हिंदी के विद्यार्थियों को दिया।

इस अवसर पर माधव महाविद्यालय ग्वालियर के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शिवकुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहें जिन्होंने बताया कि हिंदी का विद्यार्थी भावना प्रधान होता है उसे अपना आईक्यू, ईक्यू और एसक्यू मजबूत करना होगा। विद्यार्थी को अपना भावना और विचारों का संतुलन करना होगा ताकि जीवन की बड़ी बड़ी समस्याओं से आसानी से मुकाबला किया जा सके।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो विश्वास मेढेकर ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शशिवल्लभ शर्मा ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए। भाषा परिषद की परामर्शदाता डॉ. अभिलाषा श्रीवास्तव ने कार्यकम का संचालन किया तथा डॉ. पूर्णिमा अग्रवाल ने सभी का अभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. पूर्णिमा अग्रवाल की सद्य प्रकाशित पुस्तक 'प्रेमचंद कश्यप सोज के नाटकों का तात्विक अनुशालीन' का विमोचन भी किया गया।

# मुरैना में स्काउट गाइड अभिरुचि केंद्र में सिखाई जा रही है जीवन उपयोगी विधाएं

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** मध्य प्रदेश के चंबल संभाग मुरैना के जिला संघ मुरैना में राज्य मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार अभिरुचि केंद्र का संचालन सुरेंद्र सिंह यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला संघ मुरैना के कुशल निर्देशन में 10 मई 2024 से वैष्णवी इंस्टीट्यूट टीआर पुरम मुरैना में संचालित है। इस अभिरुचि केंद्र में 80 से अधिक स्काउट, गाइड, कब, बुलबुल, रोवर, रेंजर आदि छात्र-छात्राएं कंप्यूटर का प्रशिक्षण एवं विभिन्न प्रकार के कबाड़ से उपयोगी आइटम बनाना एवं स्काउटिंग- गाइडिंग का प्रशिक्षण सुखदेव सिंह चौहान सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट चंबल संभाग मुरैना, मूलचंद गौड़ एएलटी स्काउट



मुरैना के निर्देशन में कुंवर सिंह यादव, याशी भदोरिया, सुषमा तोमर एवं यासीन खान के द्वारा सराहनीय एवं शानदार सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उक्त अभिरुचि केंद्र का शानदार संचालन करने के लिए अंकित अस्थाना कलेक्टर, शैलेंद्र सिंह चौहान पुलिस अधीक्षक, देवेंद्र सिंह चौहान आयुक्त नगर निगम, डॉ. दीपक पांडे संयुक्त संचालक लोक शिक्षण चंबल संभाग मुरैना, डॉ. विवेक राठी अध्यक्ष जिला संघ मुरैना, गिर्राज सिंह यादव जिला मुख्य आयुक्त जिला संघ मुरैना, ए.के. पाठक जिला शिक्षा अधिकारी, श्रीमती इंद्रावती यादव जिला कमिश्नर गाइड मुरैना, डॉ. राकेश शर्मा, रामनरेश दंडोतिया, सीताराम गुर्जर, सीताराम गुर्जर, वीर सिंह यादव, अतर सिंह राजपूत, शेखर सिंह यादव, अनुपम जादौन, श्रीमती पूजा आदि ने बहुत-बहुत बधाइयां दी हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

*आयुष विभाग ने 300 लोगों को कराया योग्याभ्यास*

**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में शुक्रवार को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रचार-प्रसार के लिये काउंटडाउन का आयोजन सिटी कोतवाली स्थित टेनिस ग्राउंड में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ धन्वन्तरि वंदन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

शासन के निर्देशानुसार कॉमन योग प्रोटोकाल आयुष एवं शिक्षा विभाग के माध्यम से योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रातः 7 बजे से 7.45 तक प्रतिभागियों को योग अभ्यास कराया गया। लगभग 300 प्रतिभागियों ने पूर्ण ऊर्जा के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में जिला आयुष अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

# कुकथरी के अजय शर्मा का एमपीपीएससी में चयन

## भोपाल में आयोजित रोजगार मेले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देंगे नियुक्ति पत्र

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना/अम्बाह।** कुकथरी (अम्बाह) निवासी अजय शर्मा ने मप्र पीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर ट्रेजरी ऑफिसर (अधीनस्थ लेखा सेवा) का पद प्राप्त किया है। आगामी दिनों में भोपाल में होने जा रहे रोजगार मेला में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अजय को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। अजय के ट्रेजरी ऑफीसर बनने पर शुक्रवार को नगर निगम के सभापति राजा डंडोतिया व शहर के गणमान्य नागरिकों ने फूल माला पहनाकर सम्मान किया।



अजय ने बताया कि वे वर्ष 2003 में आर्मी में टेक्निकल ऑपरेटर (वायरलेस) के पद पर नियुक्त हुए थे। इसके बाद उन्होंने रजौरी, जम्मू, अमृतसर, बंगाल, उत्तराखंड, भोपाल में सेवाएं दी। वर्ष 2020 में वे आर्मी से रिटायर्ड हो गए। इसके बाद 2021 में एमपी पीएससी के एग्जाम दिए। तीन दिन पहले आए परीक्षा परिणा में अजय को ट्रेजरी ऑफीसर का पद प्राप्त हुआ है। अजय की इस उपलब्धि पर प्रयाग नारायण शास्त्री, ब्रजेश डंडोतिया, बीरबल राजौरिया, सूत्रराम बघेल, कृष्णदत्त शर्मा, मनोज शर्मा पंडा आदि ने खुशी जाहिर की है।

# गालव समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह कल जौरा में

## 5:00 बजे से निकलेगी महर्षि गालव जी की शोभायात्रा, महाराज प्रज्ञानंद होंगे मुख्य

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना/जौरा।** गालव पूर्व त्यागी ब्राह्मण समाज के पूर्वज महर्षि गालव के प्रकट उत्सव पर संपूर्ण भारत वर्ष में गालव वंशी गौ, गायत्री, गीता, गंगा और महर्षि गालव जी का पूजन एवं जन्म उत्सव धूमधाम से मनाएंगे। गालव समाज 45 सी क्षेत्र जौरा की ओर से घर-घर में गत वर्ष की भाती इस वर्ष भी गौ, गंगा, गीता, महर्षि गालव और माँ गायत्री का पूजन किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन गालव पूर्व त्यागी ब्राह्मण धर्मशाला जौरा में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के रूप में किया जाएगा। जिस के मुख्य अतिथि पूज्य संत श्री श्री 108 प्रज्ञानंद महाराज होंगे। इस अवसर पर सायंकाल 5:00 से नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए महर्षि गालव शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी।

आयोजन समिति के सदस्य एवं एचएल ग्रुप के संस्थापक शिक्षाविद् एलएन त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि गत वर्षो की भाती इस वर्ष भी महर्षि गालव एवं वेदमाता गायत्री के प्रकाट्य उत्सव को धूमधाम से हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर त्यागी समाज के कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बालक-बालिकाओं एवं किसी नौकरी में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिनिधियों का भी सम्मान किया जाएगा। संपूर्ण भारत वर्ष में गालव वंशी गौ गीता गायत्री एवं महर्षि गालव का घर-घर पूजन करेंगे। प्रातःकालीन बेला में गायत्री हवन यज्ञ का घर-घर में आयोजन किया जायेगा तथा सायंकाल जौरा नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें जौरा नगर के साथ-साथ ग्रामीण अंचल में निवासरत गालव वंशी भाग लेंगे तथा इस उत्सव के प्रत्यक्षदर्शी बनने हेतु देश के विभिन्न अंचलों और दूरस्थ प्रांतों से भी गालव वंशी जौरा पधारेंगे।

# कार्यालय नगर पालिक निगम मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक/राजस्व/2024 | **//नामांतरण विज्ञप्ति (उज्जदारी)//** | मुरैना, दिनांकः- 14.06.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 167 के तहत भूमि/भवन स्वामियों द्वारा सम्पत्ति कर पंजी में नामांतरण हेतु आवेदन विधिवत शुल्क जमा कर इस कार्यालय में निम्नानुसार प्रस्तुत किये गये हैः-

| क्र. | भूमि/भवन एवं वार्ड क्रमांक | भूमि/भवन क्रेता/ अन्तरणगृहीता स्वामी का नाम | भूमि/भवन विक्रेता/ अन्तरणकर्ता | नामांतरण /अन्तरण का आधार एवं क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भ.क्र. 41/9 नया वार्ड 20 | बनवारीलाल पुत्र स्व. रतनलाल जाटव निवासी- गोपालदास गली सिंगल बस्ती मुरैना | स्व. रतनलाल जाटव पुत्र स्व. मानपाल जाटव | मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति शपथ पत्र, शपथ पत्र के आधार पर |

अतः उपरोक्त भूमि/भवन पर नामांतरण किए जाने में किसी भी खास/परिवारीजन/आम व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के अंदर 30 दिवस इस कार्यालय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा नामांतरण प्रकरण में कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। सूचित हों।

**वास्ते सहायक आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, मुरैना**

# गंगा दशहरा 16 को मनाया जाएगा

## तरबूज आम और सत्तू की दुकानदारी बड़ी सब्जी मंडी में

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना/पोरसा।** गंगा दशहरा रविवार 16 जून को मनाया जाएगा। गंगा



दशहरा पर तरबूज, आम, सत्तू आदि का दान किया जाता है तथा सुबह ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करने से व दान पुण्य करने से अन्य दिनों की अपेक्षा गंगा दशहरा के दिन 10 गुना ज्यादा पुण्य फल मिलता है।

गंगा दशहरा गंगा नदी के इस धरती पर अवतरित होने के दिन मनाया जाता है। भागीरथ जी गंगा मैया को स्वर्ग लोक से इस मृत्यु लोक में लेकर आए थे, अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए गंगा मैया सभी लोगों की पाप धोती हैं। ऐसा माना जाता है कि गंगा दशहरा के दिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करने से पूर्व जन्मों के सभी पाप धुल जाते हैं तथा इस जन्म के भी पाप धुल जाते हैं। इस दिन जो भी चीज दान पुण्य की जाती है उसका भी 10 गुना अधिक फल प्राप्त होता है। इस दिन लोग अपनी सुबह की दिनचर्या स्नान करके सत्तू, आम व तरबूज का दान करके उसे दिन तरबूज, आम व सत्तू ही आहार के रूप में गृहण किया जाता है। तरबूज की दुकानदारी व सत्तू की दुकानदारी तथा आम की दुकानदारी इस वक्त अच्छी मात्रा में चल रही है। सब्जी मंडी में दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रही है। लोग अभी से सामान की खरीदारी कर रहे हैं।



# धार्मिक स्थलों की यात्रा अब सुखद और आसान



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



हम प्रदेश में धार्मिक पर्यटन और अन्य पर्यटन केंद्रों तक हवाई सुविधा से आवागमन को और अधिक सुलभ बना रहे हैं। पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा अभी कुछ धार्मिक स्थलों पर प्रारंभ की जा रही है। यह सुविधा भविष्य में प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों के लिए प्रारंभ होगी।

**- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री**



# पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा संचालन आरंभ

मुख्य अतिथि

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री

**16 जून, 2024 - प्रात: 9.30 बजे - पुलिस लाइन, उज्जैन**



**इन स्थलों के लिए सेवा प्रारंभ**

महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, पचमढ़ी, खजुराहो, कान्हा, इंदौर, भोपाल

**बुकिंग के लिए सम्पर्क करें -**

8076807095, 8076819774, Website : www.irctc.co.in, www.serbaviation.in

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन: म.प्र. माध्यम/2024

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

**मध्यप्रदेश शासन**

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. अंजली पब्लिकेशन एबी रोड़ मथुरा से मुद्रित, एवं ए-44-फस्ट फ्लोर, अशोका इन्क्लेव, पार्ट-2 सेक्टर- 37 फरीदाबाद हरियाणा (NCR) से प्रकाशित, आरएनआई नं. एचएआरएचआईएन /2009/ 28496 संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे। मो. 9958434103 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा।